mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-111 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

24 अप्रैल 2025 गुरुवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



पार्टियां, गर्लफ्रेंड...

@ पेज 7

# आतंकियों ने आखिर पुरुषों की ही हत्या क्यों की, पहलगाम ही क्यों चुना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में बड़ा आतंकी हमला हुआ और इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों की मानें तो हमले को अंजाम पाकिस्तान के चार आतंकियों ने

- **हमले को अंजाम पाकिस्तान के चार आतंकियों ने दिया**

दिया। इनमें से तीन आतंकियों की पहचान हो गई है। इन आतंकियों ने पहलगाम में जिस तरह की बर्बरता दिखाई है, उससे पूरा देश गुस्से में है। आतंकियों ने सभी पर्यटकों को बैठाया और फिर पहले नाम पूछा, धर्म पूछा, कलमा पढ़वाया और फिर भी शक हुआ तो




कन्फर्म करने के लिए आतंकियों ने कई टूरिस्टों के पैंट उतरवाए और कन्फर्म किया कि वो गैर मुस्लिम हैं या नहीं। इसके बाद सबको सिर झुकाने के लिए और फिर गोली मार दी। सबसे बड़ी बात है कि उन्होंने सिर्फ मर्दों की ही हत्या की है, औरतों और बच्चों को बख्श दिया है।

हमलावरों ने कथित तौर पर सेना और पुलिस की वर्दी पहनकर इस कायराना हरकत को अंजाम दिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। परिवार के सामने आतंकियों ने जिस तरह से पुरुष टूरिस्टों का कत्लेआम किया, उनका एक ही मकसद था खौफ फैलाना, उन्होंने पुरुषों की हत्या कर उनके बच्चों और महिलाओं को तड़पता हुआ छोड़ गए। आतंकियों की इस कायराना हरकत की जितनी आलोचना की जाए कम है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये है कि आतंकियों ने हमले के लिए आखिरकार पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही क्यों चुना? तो इसका जवाब ये है कि जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है और काफी ऊंचाई पर है। जिस इलाके में आतंकी हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं। वहां पर्यटक खच्चर के जरिए ही पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है।

पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। दूसरी बात ये कि ये टूरिस्ट प्लेस है और पहलगाम में कभी ऐसा हमला भी नहीं हुआ, तो यहां ज्यादा पुलिस या सुरक्षाबलों की मौजूदगी होती नहीं है। यह इलाका घने जंगलों से घिरा हुआ है, ऐसे में आतंकी इन्हीं जंगलों से आए और कत्लेआम मचाकर फिर जंगलों में भाग गए। आतंकियों ने पहले से पूरे इलाके की रेकी की थी और जब मौका मिला तो इस घटना को अंजाम दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुस्लिम वर्ल्ड लीग ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा,

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो चुकी है। इस हमले में जो लोग घायल हैं, उनका अस्पताल में अब भी इलाज चल रहा है। इस पूरे हमले की जिम्मेदारी लश्कर ए तैयबा के संगठन टीआरएफ ने ली है। इस बीच इस्लामिक देशों की संस्था %मुस्लिम वर्ल्ड लीग% ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की की निंदा की है। मुस्लिम वर्ल्ड लीग ने इस मामले पर एक




बयान भी जारी किया है। इस बयान में कहा गया है, मुस्लिम वर्ल्ड लीग जम्मू कश्मीर के पहलगाम इलाके में हुई आतंकी हमले की निंदा करता है, जिस कारण कई मासूम नागरिकों की जान चली गई। इस स्टेटमेंट में आगे कहा गया है, सभी इस्लामिक देश हिंसा और आतंकवाद की इस घटना और इसपर किसी भी तरह के जस्टिफिकेशन की निंदा करते हैं। आतंकवाद और उसका कोई दूसरा रूप किसी भी धर्म से संबंधित नहीं है। पीड़ितों के परिवारों को हमारी संवेदना, जिन्होंने इस जघन्य अपराध का सामना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे, जब यह जघन्य आतंकी हमला देखने को मिला। धर्म, रंग, क्षेत्र के आधार पर होने वाली किसी भी तरह की हिंसा, आतंकवाद और उसके किसी भी रूप की हम निंदा करते हैं। सउदी-भारत सहभागिता के जरिए मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी, चाहे वह आर्थिक मोर्चे पर हो या क्रॉस बॉर्डर। हम आतंकवाद और उसकी अवसंरचना को बर्बाद करेंगे और दोषियों को सजा दिलाने के पक्ष में हैं।

### चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर करने वाला है बड़ा प्रयोग

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन बृहस्पतिवार को अपने 10वें अंतरिक्ष दिवस के मौके पर अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगा। ये तीनों अंतरिक्ष यात्री पिछले छह महीने से स्टेशन पर तैनात



अपने सहयोगियों की जगह लेंगे। चीन की ओर से यह घोषणा बुधवार को की गई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि चीनी मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी के प्रवक्ता लिन जिकियांग ने इस बारे में जानकारी दी है। लिन ने बताया कि चालक दल के साथ शेनझोउ-20 अंतरिक्ष मिशन को बृहस्पतिवार को प्रक्षेपित किया जाएगा। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि अंतरिक्ष यान में तीन अंतरिक्ष यात्री होंगे- चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी। चेन डोंग कमांडर के रूप में कार्य करेंगे। लिन ने कहा कि चालक दल 'जेब्राफिश', सूक्ष्म जीव 'प्लैनेरियन' और एक तरह के बैक्टीरिया 'स्ट्रेप्टोमाइस' से जुड़े नए प्रयोग करेगा। चीन ने 24 अप्रैल, 1970 को अपने पहले उपग्रह, डोंगफैंगहोंग-1 के सफल प्रक्षेपण के बाद 2016 में इस दिन को अपना अंतरिक्ष दिवस घोषित किया था। शेनझोउ-20 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का 35वां उड़ान मिशन है। चालक दल इस साल अक्टूबर के अंत में उत्तरी चीन में डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर लौट सकता है। चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन तब बनाया जब कथित तौर पर इसे इन चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर कर दिया गया कि चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम को उसकी सेना, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा संचालित किया जाता है। यह वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जिसका अपना अंतरिक्ष स्टेशन है।

## पाकिस्तानी पत्रकार ने कहा- सरकार को आगे आना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो चुकी है। इस हमले में जो लोग घायल हैं उनका इलाज अब भी अस्पताल में जारी है। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर ए तैयबा के संगठन टीआरएफ ने ली है। इस हमले के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी बैठक कर रहे हैं। इस मामले पर पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी ने कहा, पाकिस्तान में कुछ भी होता हो या हिंदुस्तान में होता रहा हो तो हम एक दूसरे का नाम लेते हैं। पाकिस्तान सरकार द्वारा इस हमले को लेकर अफसोस जताया है, लेकिन पाकिस्तान सरकार को आगे आकर भारत सरकार से बात करना चाहिए। आरजू काजमी ने कहा, इसपर एक जांच होनी चाहिए और जो भी टेरर ऑर्गनाइजेशन जो पाकिस्तान से ऑपरेट करती हैं उनपर एक्शन होना चाहिए और उन्हें रोक दिया जाना चाहिए। ऐसा हम कब तक देखते रहेंगे कि हिंदुस्तान में होता है तो पाकिस्तान का नाम आता है। कुछ पाकिस्तान के बलूचिस्तान में होता है तो हिंदुस्तान का नाम ले लेते हैं। ये कहकर हम पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं कि हमने कुछ नहीं किया और ये सब खुद ही हो गया है। इसलिए पाकिस्तान की सरकार को आगे आना चाहिए। जांच के जरिए हर चीज को साफ करना चाहिए। पाकिस्तान में जो लोग इसमें शामिल हैं, उन्हें पूरी तरीके से सजा जरूर मिलनी चाहिए। आरजू काजमी ने कहा कि जब दो देश बनाए गए हैं तो कुछ लोग भारत के बारे में जहर तो उगलेंगे ही तो भारत के बारे में कैमरा के आगे भारत की तारीफ पाकिस्तान में तो कोई भी नहीं करेगा चाहे वो पाकिस्तान के नेता ही क्यों न हो। जब टू नेशन थ्योरी के ही नाम पर पाकिस्तान को बनाया गया है तो जहर तो उगला ही जाएगा। बता दें कि पाकिस्तान में हुए आतंकी हमले को आज पीएम नरेंद्र मोदी के आवास पर बड़ी बैठक की जा रही है, जिसमे अजीत डोभाल भी शामिल हैं।



**भाजपा बोली- मांफी मांगिए**

## पहलगाम आतंकी हमले पर रॉबर्ट वाड्रा के बयान से मचा बवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग घायल हैं जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर में हैं और वहां उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है और घायलों से मुलाकात की है। दूसरी ओर इस पूरी घटना पर राजनीति भी तेज हो गई है। ताजा विवाद कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के बयान को लेकर हुई है। वाड्रा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कहा है कि देश में मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं और ये घटना पीएम मोदी के लिए एक संदेश है। रॉबर्ट वाड्रा के इस बयान को लेकर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है और वाड्रा से माफी की मांग की है।

**क्या बोले थे रॉबर्ट वाड्रा?** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने कहा- ÷मुझे बहुत बुरा लग रहा है और मेरी गहरी संवेदनाएँ इस



आतंकवादी कृत्य में मारे गए लोगों के प्रति हैं। हमारे देश में, हम देखते हैं कि यह सरकार हिंदुत्व की बात करती है, और अल्पसंख्यक असहज और परेशान महसूस करते हैं। यदि आप इस आतंकवादी कृत्य का विश्लेषण करते हैं, यदि वे (आतंकवादी) लोगों की पहचान देख रहे हैं, तो वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्योंकि हमारे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एक विभाजन पैदा हो गया है।इससे इस तरह के संगठनों को लगेगा कि हिंदू सभी मुसलमानों के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं।

रॉबर्ट वाड्रा ने आगे कहा- पहचान को देखना और फिर किसी की हत्या करना, यह प्रधानमंत्री के लिए एक संदेश है, क्योंकि मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं। अल्पसंख्यक कमजोर महसूस कर रहे हैं। यह बात ऊपर से आनी चाहिए कि हम अपने देश में सुरक्षित और धर्मनिरपेक्ष महसूस करते हैं और हम इस तरह के कृत्य होते नहीं देखेंगे।

## 7 साल से जेल में बंद, लेकिन हत्या किसकी की?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अजीबोगरीब मामले में एक व्यक्ति को जमानत दे दी जिसने हत्या के आरोप में लगभग 7 साल जेल में बिताए, जबकि मृतक की पहचान एक रहस्य बनी हुई है। इस व्यक्ति को जिस महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, वह कुछ वक्त बाद ही जिंदा मिल गई। जबकि जिसकी लाश बरामद हुई थी, उसकी अबतक पहचान नहीं हो सकी है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने 21 अप्रैल को शख्स को जमानत देते हुए कहा, ''इस मामले की जांच से इस अदालत की अंतरात्मा को झटका लगा है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जहां तक ??'अंतिम बार देखे जाने' की परिकल्पना का सवाल है, शख्स को अंतिम बार सोनी उर्फ ??छोटी के साथ देखा गया था, जो जीवित पाई गई है।''यह घटना 2018 में हुई थी और मृतक की पहचान सोनी उर्फ ??छोटी के रूप में हुई थी। 17 मई, 2018 को आरोपी की गिरफ्तारी के बाद सोनी को जीवित पाया गया था और मृत व्यक्ति की पहचान आज तक नहीं हो पाई है।हत्या के मामले में आरोपी मंजीत करकेट्टा ने इस आधार पर जमानत मांगी कि हालांकि वह 2018 से जेल में बंद है, लेकिन किसी को नहीं पता कि किसकी हत्या हुई। जज ने कहा, ''यह बेहद दुखद है कि एक इंसान ने वर्ष 2018 में इतने वीभत्स तरीके से जान गंवा दी और उसके शरीर को टुकड़ों में काट दिया गया, लेकिन आज तक मृतक की पहचान भी नहीं हो पाई है।''



## कूड़ा बीनने को लेकर दिल्ली में हुआ डबल मर्डर

**आरोपियों ने 3 लोगों पर चाकू से बोला हमला**

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** दिल्ली के आजादपुर सब्जीमंडी में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपी ने 3 लोगों पर चाकू से हमला बोल दिया। हमले के बाद लोगों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को फोन पर सूचना दी। जहां डॉक्टरों ने 2 को मृत घोषित कर दिया और एक का इलाज अभी जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी हमला करने के बाद मौके से फरार हो गया था।

दरअसल यह पूरा विवाद कूड़ा बीनने को लेकर हुआ, जो खूनी खेल में बदल गया। मामला दिल्ली के आदर्श नगर इलाके का है। आबिद, कमल और अजमल रोजाना की तरह आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास कूड़ा बीन रहे थे तभी वहां फुटपाथ पर बैठे 2 व्यक्तियों ने इन तीनों के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और पैसे की मांगे, जब इन तीनों ने विरोध किया तो चाकू से हमला बोल दिया। इस विवाद में एक शख्स घायल भी हुआ है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक, आबिद, कमल और अजमल यह तीनों कूड़ा इकट्ठा करके उसे बेचने का





काम करते हैं। घायल आबिद के मुताबिक, यह तीनों आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास कूड़ा इकट्ठा कर रहे थे, इसी दौरान फुटपाथ पर बैठे एक शख्स ने तीनों के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और कूड़ा उठाने की एवेज में पैसे की डिमांड करने लगे जिसका तीनों ने विरोध किया। इसके बाद फुटपाथ पर बैठे दोनों शख्स ने तीनों पर चाकू से हमला कर दिया। इस वारदात में कमल और अजमल की मौत हो गई और आबिद घायल हो गया। फिर आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। दोनों को एक-एक चाकू लगा और उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, आबिद के दाहिने हाथ पर चाकू लगा और उसका उपचार चल रहा है।

## दिल्ली में प्रदूषण से जंग का पूरा प्लान तैयार

**सिरसा ने बताया जहरीली हवा से कैसे पाएंगे निजात**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को काबू में करने के लिए दिल्ली सरकार ने कमर कस ली है। पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को ऐलान किया है कि अगले हफ्ते एक व्यापक प्रदूषण नियंत्रण एक्शन प्लान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कृत्रिम बारिश (क्लाउड-सीडिंग) के लिए एक प्रस्ताव अगली कैबिनेट बैठक में पेश किया जाएगा। सिरसा ने बताया कि सरकार प्रदूषण कम करने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा ले रही है। इसमें डिजिटाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी और निर्माण व ट्रैफिक वाले इलाकों की 24 घंटे निगरानी शामिल है।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दिल्लीवासियों को साफ हवा देना है और इसके लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बारिश के लिए क्लाउड-सीडिंग प्रस्ताव अंतिम चरण में है। सिरसा ने कहा कि इसे कैबिनेट की मंजूरी के बाद सभी जरूरी



विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया, 'हम गर्मियों में दिल्ली के बाहरी इलाकों में क्लाउड-सीडिंग का ट्रायल करना चाहते हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो इसे प्रदूषण की गंभीर स्थिति में आपातकालीन विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे।' इसके लिए 12 सरकारी एजेंसियों से एनओसी लेनी होगी, जिनमें छ्रत्रष्ट, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण शामिल हैं।

## सीएम मोहन यादव ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

**कहा-आतंकियों को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब**

**भोपाल (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कड़ी निंदा की है। एक्स हैंडल पर संवेदना जताते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला घोर निंदनीय है। इस कायराना और अमानवीय कृत्य में कई निर्दोष लोगों की जान गई है। मैं सभी दिवंगतों की पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम मोहन यादव ने कहा कि इस घृणित कृत्य में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि हमले में सभी घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। आतंकवाद के खिलाफ हमारा देश एकजुट है, आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोई भी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी और



इस कुकृत्य का मुंहतोड़ जवाब आतंकियों को अवश्य मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले पर कड़ी नजर रख रहे हैं। दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा और आतंकियों को हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम ने कहा कि हमें इस समय धैर्य रखना होगा, लेकिन दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा।

बता दें कि आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हमला किया जिसमें 26 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। मृतकों में दो विदेशी नागरिक थे जिसमें एक संयुक्त अरब अमीरात से और एक नेपाल से था। प्रधानमंत्री ने हमले के बाद सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही समाप्त की और भारत लौट आए। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी तत्काल जम्मू कश्मीर पहुंचे और वहां सुरक्षा हालात का जायजा ले रहे हैं। यह हमला 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक है।

## प्रेमिका के भाई ने ली जान, 9वीं कक्षा के छात्र की गला दबाकर हत्या

**बहराइच (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच से चौंकाने वाली घटना सामने आई है। प्रेम प्रसंग के चलते एक छात्र की हत्या कर दी गई। घटना बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र के हसुआपुर गांव की है। छात्र को उसकी प्रेमिका के भाई ने कथित रूप से गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फंदे से लटका दिया। ये घटना पिछले महीने 24/25 मार्च की है। पुलिस ने घटना का बुधवार को खुलासा किया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पिछले महीने 25 मार्च को पयागपुर थाना क्षेत्र के हसुआपुर गांव में 9वीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र शिवांशु का शव उसके घर से थोड़ी दूर फूस के छप्पर में फंदे से लटकता मिला था। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला दबाए जाने से मौत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया।अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) कुशवाहा ने बताया कि तफ्तीश के दौरान मालूम हुआ कि शिवांशु का पड़ोस की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले 24 मार्च को दिन में करीब 1:00 बजे शिवांशु अपनी कथित प्रेमिका को मोबाइल दे रहा था, तब उसके घरवालों ने देख लिया था और उसी रात 9:00 बजे शिवांशु ने किशोरी को अपने घर के सामने स्थित छप्पर से ढकी जगह पर बुलाया था।

## मुख्यमंत्री ने पहलगाम हमले में इंदौर के सुशील नथानियल की मृत्यु पर जताया शोक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में इंदौर निवासी श्री सुशील नथानियल की असामयिक मृत्यु पर गहन शोक व्यक्त किया। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि श्री सुशील नथानियल अलीराजपुर में एलआईसी कार्यालय में पदस्थ थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि वे स्वयं इंदौर में श्री नथानियल की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रदेश सरकार हमले में घायल श्री नथानियल की बेटी आकांक्षा की मदद के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। दुख की इस घड़ी में सरकार मृतक के परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह सहित पूरा केंद्रीय नेतृत्व इस मामले पर पल-पल नजर रखे हुए हैं। कश्मीर में पर्यटकों पर हमला पाकिस्तान की कायराना हरकत है। यह घटनाक्रम पूरे देश पर वज्रपात के समान है। पाकिस्तान और उसके हिमायती दहशतगर्दों को इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरा देश एकजुट है।

## ग्लोबल स्किल्स पार्क ने बनाया 100 फीसदी प्लेसमेंट का कीर्तिमान!



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्री गौतम टेटवाल (स्वतंत्र प्रभार) के दूरदर्शी मार्गदर्शन में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए आठवीं बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बैच में कुल 54 विद्यार्थियों में से 50 ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में हिस्सा लिया, और सभी 50 विद्यार्थी देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हुए। यह उपलब्धि पार्क की सुदृढ़ प्रशिक्षण व्यवस्था, समर्पित शिक्षकों और विद्यार्थियों की अथक मेहनत का जीवंत प्रमाण है।मंत्री गौतम टेटवाल के निर्देश के तहत, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश शर्मा के नेतृत्व में प्रशिक्षण को सशक्त करने के साथ-साथ सभी सीटें भरने का लक्ष्य रखा गया है। हॉस्टल, लाइब्रेरी, प्रवेश प्रक्रिया और प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, कर्मचारियों और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। रघुराज राजेन्द्रन, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कार्य कर चुके हैं, ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ग्लोबल स्किल्स पार्क की एक भी सीट रिक्त न रहे।मध्यप्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से अब प्रदेश के युवाओं को जर्मनी जैसे देशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। चयनित विद्यार्थियों को जर्मन भाषा प्रशिक्षण, व्यावसायिक कौशल विकास, परीक्षा शुल्क, अध्ययन सामग्री और स्टाइपेंड सहित सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।यह ऐतिहासिक उपलब्धि राज्य सरकार की कौशल विकास योजनाओं, नवाचार आधारित शिक्षा और उद्योग जगत से मजबूत साझेदारी का सशक्त उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और वैश्विक रोजगार अवसर सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है।संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क की यह सफलता निश्चित रूप से मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायी मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## सैनिक कल्याण कार्यों में सेवा और समान का भाव रहे : राज्यपाल




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सैनिक कल्याण कार्यों में सेवा और सम्मान का भाव रहना चाहिए। इसी के अनुरूप सैनिक कल्याण कार्यों का विस्तार और स्वरूप निर्धारित किया जाना चाहिए। कार्य संचालन में सैनिकों के प्रति सम्मान और सेवा के भाव और भावनाएं आदर्श रूप में प्रतिध्वनित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिकों के लिए किए जाने वाले निर्माण कार्य की डिजाइनिंग, आकार और सुविधाएं पूर्व सैनिकों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप बनाई जाए। कार्य की समय सीमा और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में समामेलित विशेष निधि प्रबंध समिति की 24वीं बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित कर रहे थे।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे. एन कंसोटिया राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता, जनरल आफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत और जनरल ऑफिसर कमांडिंग पश्चिम मध्यप्रदेश सब एरिया मेजर जनरल सुमित कबथियाल उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है कि सैनिक कल्याण संबंधी भवनों और निर्माण कार्यों की डिजाइनिंग में उपयोगकर्ता और आगंतुकों की जरूरतों के साथ सामंजस्य पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण विश्राम गृह भोपाल के नवीनीकरण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाए। प्रस्ताव केन्द्र सरकार को समय सीमा में भेजना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर के सैनिक विश्राम गृहों के नवीनीकरण की रूपरेखा पर अपर मुख्य सचिव गृह, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव और सचिव वित्त की समिति द्वारा प्रस्ताव का परीक्षण करने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार ने शहीदों के माता-पिता को दी जाने वाली अनुदान राशि में वृद्धि की है। ?अब शहीद के माता-पिता को अनुदान की राशि 10 हजार रुपए दी जाएगी। मध्यप्रदेश के निवासी ऐसे माता-पिता, जिनकी पुत्री सशस्त्र सेना में है, उनकी सम्मान निधि 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष की गई है। बैठक में पैराप्लेजिक रिहैबिलिटेशन सेंटर खड़की पुणे को प्रदेश के मूल निवासी दो सैनिक को दवाई और देख-रेख के लिए प्रति पूर्व सैनिक एक लाख रुपए की राशि को बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपए करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। वीर नारी पुत्री के विवाह के लिए अनुदान राशि को 45 हजार से बढ़ाकर 1 लाख करने का निर्णय किया गया है। इस अवसर पर समामेलित विशेष निधि प्रबंध समिति सदस्य मेजर जनरल सेवानिवृत्त निश्चय राउत, मेजर जनरल सेवानिवृत्त पी.के. त्रिपाठी, संयुक्त संचालक केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल श्री प्रशांत मिश्रा एवं संचालक राज्य सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर सेवानिवृत्त श्री अरुण नायर सहित प्रशासन और सेना के अधिकारी मौजूद थे।

## विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार-राज्य मंत्री कृष्णा गौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु जातियों के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। जन अभियान परिषद के माध्यम से इन विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु 51 जातियों के परिवारों के समेकित विकास के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू किया जाएगा।



राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद पहले चरण में 12 जिलों के 71 ब्लॉक में सर्वेक्षण करेगा। जो 30 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य इन समुदाय के लोगों की जीवनशैली, पारंपरिक व्यवसाय और सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी का दस्तावेजीकरण करना है। कई बार निरंतर स्थान बदलने के कारण यह किसी भी भौगोलिक सीमा के सर्वेक्षण में नहीं आ पाते हैं।

एक स्थान पर निवास ना होने के कारण इन जातियों के लोगों के आधार कार्ड, समग्र कार्ड इत्यादि भी नहीं बन पाते हैं।

## विद्यार्थी अपनी जिमेदारी पूर्ण समर्पण के साथ निभाएं और आगे बढ़ें: पशुपालन राज्य मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि शिक्षा पूर्ण होने और प्लेसमेंट हो जाने के बाद सभी विद्यार्थी एक नए जीवन की ओर आगे बढ़ेंगे। वे अपनी जिम्मेदारी पूर्ण समर्पण के साथ निभाएं और आगे बढ़ें।




उन्हें जीवन में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कठिनाई के समय में निराश न हों, बल्कि अपने अंदर की कमी को निखारे और आगे बढ़े। जीवन में कुछ हट के करना होगा, जिससे दुनिया आपको याद रखे। आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के वर्ष-2025 बैच के प्लेसमेंट में चयनित इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, मैनेजमेंट, फार्मेसी, बीबीए, बीसीए एवं अन्य कोर्स के छात्रों के लिए प्लेसमेंट-डे का आयोजन आईईएस कैम्पस में मंगलवार को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने किया। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आईईएस यूनिवर्सिटी चान्सलर श्री बी.एस. यादव, प्रो. (डॉ.) सुनीता सिंह उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। यूनिवर्सिटी के सीईओ श्री देवांश सिंह ने आभार व्यक्त किया। हर साल की तरह इस बार भी आईईएस यूनिवर्सिटी के वर्ष-2025 बैच के विद्यार्थियों का अच्छा प्लेसमेंट हुआ।

## भाषायी बंधनों से उठकर चिकित्सा विद्यार्थियों को मिल रहा समान अवसर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि उच्च शिक्षा भारतीय भाषा में भी प्रदान की जाये, जिससे देश के हर कोने से आने वाले विद्यार्थियों को बराबरी का अवसर मिल सके। इस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने अन्य उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों के साथ ही चिकित्सा शिक्षा को भी हिंदी भाषा में सुलभ करने का प्रयास किया है। आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने मेडिकल, डेंटल, पैरामेडिकल आदि सभी संकायों की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को हिंदी एवं अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में अनुवाद कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इससे विषयवस्तु में निपुण लेकिन अंग्रेजी भाषा में कमजोर विद्यार्थी पिछड़ जाते थे। अब ऐसे विद्यार्थी आत्म-विश्वास के साथ परीक्षा में भाग ले पा रहे हैं। विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में उत्तर लिखने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इससे वे अपनी बात सरलता व स्पष्टता से लिख पा रहे हैं। यही नहीं, प्रायोगिक परीक्षाओं में भी छात्रों को हिंदी में उत्तर देने की अनुमति दी गई है। इससे व्यावहारिक ज्ञान का मूल्यांकन भाषाई सुविधा के अनुरूप हो सकेगा। सिर्फ परीक्षा ही नहीं, बल्कि अध्ययन-सामग्री के स्तर पर भी यह परिवर्तन लाया गया है। राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों की लाइब्रेरी में हिंदी भाषा में चिकित्सा की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। इससे हिंदी भाषी विद्यार्थियों को विषय के गहन अध्ययन में कोई बाधा नहीं आएगी।

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर देश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है, जिसने चिकित्सा शिक्षा को हिंदी भाषा में प्रदान करने का कार्य किया है। यह निर्णय विशेषकर उन विद्यार्थियों के लिए एक वरदान सिद्ध हो रहा है, जो प्रतिभाशाली होते हुए भी अंग्रेजी में दक्ष न होने के कारण पीछे रह जाते थे।

## 118 किमी की पंचक्रोशी यात्रा में नई तकनीक का इस्तेमाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उज्जैन में वैशाख मास की दशमी से अमावस्या तक चलने वाली पंचक्रोशी यात्रा आज से शुरू हो गई है। यह यात्रा 27 अप्रैल तक चलेगी। इस बार की पंचक्रोशी यात्रा के लिए जिला प्रशासन ने सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए प्लानिंग की है। क्राउड मैनेजमेंट के लिए पहली बार यात्रा रूट पर पांच जगह हेड काउंटिंग कैमरे लगाए गए हैं। पहली बार यात्रा में ऑटोमैटिक मैसेजिंग सिस्टम लगाया गया है। इसके जरिए एक ही जगह से सभी पड़ावों पर एक साथ मैसेज भेजे जा सकेंगे। कंट्रोल रूम से भी मैसेज का आदान-प्रदान किया जा सकेगा। उज्जैन में श्रद्धालुओं ने परंपरागत रूप से एक दिन पहले 22 अप्रैल से ही यात्रा शुरू कर दी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन करने के बाद यात्रा के पहले पड़ाव पिंगलेश्वर महादेव के लिए निकल पड़े। पांच दिन तक चलने वाली यात्रा की शुरुआत 23 अप्रैल से होनी थी लेकिन एक दिन पहले 22 अप्रैल को ही पटनी बाजार स्थित श्री नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर भारी भीड़ पहुंच गई। पांच दिवसीय यह यात्रा उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर से शुरू होकर पिंगलेश्वर, करोहन, अंबोदिया, जैथल और उंडासा से होते हुए लौटेगी।

## भारतीय संस्कृति में है समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण : उच्च शिक्षा मंत्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल एवं अखिल विश्व गायत्री परि?वार के संयुक्त तत्वावधान में यज्ञ अनुष्ठान के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध, परीक्षण एवं प्रयोगात्मक अध्ययन कार्यों के विस्तृत प्रतिवेदन का अवलोकन किया। प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण द्वारा शोधार्थी विद्यार्थियों ने मंत्री श्री परमार को अपने शोध एवं अध्ययन कार्यों से भी अवगत कराया।



मंत्री श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्वपूर्ण अंग यज्ञ अनुष्ठान पर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित आध्यात्मिक पुरुषार्थ करने वाले समस्त शोधार्थी विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिक दल की सराहना करते हुए, उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यज्ञ अनुष्ठान, भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अंग है। यज्ञ अनुष्ठान के शोध एवं अध्ययन का यह निष्कर्ष, वैश्विक मानस पटल पर भारतीय पुरातन ज्ञान के प्रति मानसिक अवधारणा को प्रभावित करेगा और भारतीय समाज में प्रचलित परम्परा के रूप में निहित ज्ञान में विद्यमान वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर अभिव्यक्त करेगा। श्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध एवं अध्ययन सतत् होना चाहिए। भारतीय समाज में हर विद्या हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध एवं अनुसंधान कर, दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए समाज में अपने पुरातन ज्ञान के प्रति स्वत्व का भाव जागृत कर, हीन भावना से मुक्त होना होगा।

## नवीन तकनीक से चिन्हित हों लाभार्थी, हर जरूरतमंद को मिले योजनाओं का लाभः मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कार्यकारिणी समिति की छठवीं बैठक अरेरा हिल्स स्थित विकास भवन में हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह भी सम्मिलित हुईं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया का ही पालन किया जाए। विभाग को उन्नत तकनीक की सहायता लेकर जीआईएस लैब स्थापित करने, रिमोट सेंसिंग जीआईएस और एआई पूरे विभाग में लागू करने के प्रस्ताव पर भी बैठक में चर्चा हुई।



मंत्री श्री पटेल ने कहा कि एक जिले में एक लैब ही संचालित की जाए। जिन जगहों पर पहले उन्नत लैब हैं, उन्हें अपग्रेड कर संभाग स्तर की लैब बनाएं। इस तरीके से बजट का सदुपयोग होगा और कई अन्य जन-सरोकार से जुड़ी पहल के लिए कार्य किया जा सकेगा।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत हर हाथ को काम देने के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने मनरेगा की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मनरेगा के तहत 15 करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य है, इसके लिए अधिकारी कार्य योजना बनाएं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान 5 करोड़ मानव दिवस सृजित कर जरूरतमंदों को काम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 42 लाख रोजगार दिवस सृजित किए जा चुके हैं।

## जल संसाधन मंत्री सिलावट ईंटखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल हुए

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ईंटखेड़ी में बाणगंगा नदी के विसर्जन घाट पर सफाई, सौंदर्यीकरण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बलिदान स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग और बलिदान को याद किया।कार्यक्रम में विधायक श्री विष्णु खत्री,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहन सिंह जाट, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री प्रमोद राजपूत,सरपंच श्री हरि सिंह सैनी, श्री तीरथ सिंह मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिलावट ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जल संरक्षण के संकल्प को पूरा करने के लिए अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने %मन की बात% कार्यक्रम में 13 मिनट तक जल गंगा संवर्धन और संरक्षण की आवश्यकता बताई थी। भविष्य के लिए जल को संरक्षित करना आवश्यक है, क्योंकि जल के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मंत्री श्री सिलावट ने जन-आंदोलन के साथ इस कार्य को करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि गांव, जिले, राज्य और देश में श्रमदान को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। बैरसिया विधानसभा में 70 अमृत सरोवर हैं, जिनका संवर्धन करना है। उन्होंने %एक पेड़ मां के नाम% लगाने का भी आग्रह किया।श्री सिलावट ने 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी वर्गों से जल संरक्षण कार्यों में सहभागिता करने को कहा। उन्होंने ऐतिहासिक, धार्मिक स्थलों पर जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए श्रमदान का आग्रह भी किया।

उन्होंने कहा कि धरातल पर काम की प्रगति दिखनी चाहिए और काम में कोताही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अब निगरानी के साथ सबस्टेशनों का नियंत्रण भी संभव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रदेश में क्रियाशील एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों की निगरानी (मॉनिटरिंग) के साथ अब इनका रिमोट से नियंत्रण (कंट्रोल) और संचालन का ऑपरेशन संभव हो सकेगा। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने अपनी पुरानी स्काडा प्रणाली का केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार उन्नयन करते हुये अत्याधुनिक तकनीक से लैस नई स्काडा प्रणाली (स्काडा सिस्टम) स्थापित कर क्रियाशील कर लिया है। विगत दिवस इसका संचालन नयागांव जबलपुर स्थित नये नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) से प्रारंभ हुआ। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जानकारी दी कि लगभग 51.88 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से निर्मित इस नये स्काडा सिस्टम में पुराने स्काडा सिस्टम के मुकाबले अनेक नये फीचर्स उपलब्ध है। भारत सरकार के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार नये स्काडा सिस्टम को नवीनतम तकनीकों और साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत किया गया है। अब प्रदेश के एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों के प्रत्येक मिनिट का रियल टाइम डेटा प्राप्त कर सुरक्षित रखा जा सकेगा।

# व्यापारिक भवनों के बेसमेंट को खाली कराकर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था करें



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सांसद श्री गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्किट हाउस चौराहा से लेकर सेमरिया चौक के मध्य बने व्यवसायिक भवनों में निर्मित बेसमेंट को खाली कराया जाकर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कराई जायेगी। अतिर मण हटाने का कार्य फोर्स के साथ किया जायेगा। जिससे सडकों पर खडे वाहनों से यातायात बाधित होने से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सतना शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित किया जाए। इस मौके पर प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे, एसडीएम राहुल सिलाडिया, जितेन्द्र वर्मा, एपी द्विवेदी, एलआर जांगडे, सुधीर बेक सहित विभागीय अधिकारी और सदस्य उमेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

बैठक में सांसद श्री सिंह ने कहा कि बस स्टैण्ड निगरानी समिति को एक्टिव करें। जिससे बस स्टैण्ड की सभी व्यवस्थायें समुचित रूप से संचालित हो। सूत्र सेवा बसों के संचालन में नियंत्रण/निगरानी रखें, सिटी बस निर्धारित स्थान पर ही रूकें। शहर में मिनी सिटी बसों, मिनी ट्रकों को निर्धारित भार क्षमता अनुसार संचालन करने, सडकों को मोटेरेवल बनाये रखने हेतु सुधार कार्य सतत जारी रखें। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाने तथा इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम के बारे में जानकारी दी। महापौर योगेश ताम्रकार ने शहर के मुख्य मार्गों में मनमानी तरीके से खडे वाहनों को हटाने के लिए प्रतिदिन संयुक्त अतिर मण दस्ते द्वारा कार्यवाही सतत जारी रखने का सुझाव दिया। जिससे शहर का यातायात बाधित नहीं होगा।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि शहर में यातायात बाधित करने वाले सब्जी, फल ठेला वालों को निर्धारित स्थल पर ही लगाये जाने तथा अतिर मण को हटवाने के लिए नगर निगम, राजस्व विभाग, ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रूप से प्रत्येक मंगलवार को अभियान चलाकर कार्यवाही करें। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आयेगा। आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बस स्टैण्ड की व्यवस्था हेतु निगरानी समिति बनी है। जिससे सरि य कर बस स्टैण्ड में समुचित यातायात व्यवस्था की जायेगी। डीएसपी यातायात संजय खरे ने पूर्व की बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। बस आनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सदस्य ने भी शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के संबंध में अपने सुझाव दिये।

डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि सतना से रीवा रोड और पन्ना रोड पर हैवी ट्राफिक रहता है और सर्किट हाउस चौक तथा सेमरिया चौक पर यातायात दबाव कम करने के उपाय जरूरी है। बैठक में सतना शहर में नो इंट्री पाइंट के पुर्ननिर्धारण पर भी चर्चा की गई। यूसीएल तिराहे से पाइंट हटाकर मंडी तिराहे के पास तक ले जाने पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि पुराना मंडी गेट खोलकर रास्ता बनाया जाएगा। नो इंट्री में 16 टन के भार क्षमता वाहन के आधार को संशोधित कर कमर्शियल सेवाओं में लगे ट्रैक्टर-ट्राली और चार पहिया, छह पहिया, भार वाहक ट्रैकों को बाजार में नो इंट्री के दौरान प्रतिबंधित करने के संबंध में चर्चा की गई। प्राइवेट बसों के बस स्टैंड से संचालन और कहीं भी बसें रोककर सवारी लेने की परंपरा पर चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि बस स्टैंड से आवागमन करने वाली यात्री बसों के शहर के भीतर स्थानक तय करने के अलावा अन्य स्थानों पर बसें खड़ी करने पर कार्यवाही की जाएगी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल के दोनों बाह्य प्रवेश द्वार पर अव्यवस्थित यातायात और दुकानों, ठेलों के अतिर मण से इमरजेंसी सेवाओं में रुकावट आती है। बैठक मेंजिला अस्पताल के सामने की पार्किंग को शिफ्ट करने और अस्पताल के दोनों इन्ट्री पाइंट पर यातायात की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।

# बच्चों को संकट से बचाने और सहायता के लिए है चाइल्ड हेल्पलाइन 1098

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बहुत जाना पहचाना नम्बर है। देश भर के लाखों संकटग्रस्त बच्चों के लिए यह आशा की किरण है। यह हेल्पलाइन नम्बर साल के सभी 365 दिनों में 24 घंटे निःशुल्क सहायता के लिए उपलब्ध है। इसका संचालन भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोडल एजेंसी चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से पूरे देश में किया जाता है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से सहायता मांगने पर संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी और महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पास में सूचना पहुंचती है। सूचना मिलने पर अन्य विभागों के सहयोग से बच्चों को संकट से बचाने तथा अन्य वांछित सहयोग देकर उनका संरक्षण किया जाता है। बच्चों को आपातकाल में मदद देने और आवश्यकता होने पर पुनर्वास केन्द्र की सुविधा देने में चाइल्ड हेल्पलाइन बहुत कारगर है। इसके माध्यम से बाल विवाह रोकने, बच्चों को नशे की लत से बचाने, बालश्रम पर रोक तथा अन्य कारणों से संकटग्रस्त बच्चों को सहायता दी जाती है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी कार्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा थानों में चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 का उल्लेख किया गया है। कोई भी व्यक्ति संकटग्रस्त बच्चों की सहायता करने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर में सूचना दे सकता है। यह हेल्पलाइन पूरी तरह से निःशुल्क कार्य करती है।

# जिला, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों में आज मनाया जाएगा पंचायत दिवस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तर, जनपद पंचायत तथा सभी ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस से जुड़े समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि पंचायत दिवस समारोह में पंचायत राज संस्थाओं के सभी पदाधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोह के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का समारोह में सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा है कि सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए। इस ग्राम सभा में सरपंच, पंचगण, ग्राम सभा के सदस्य, नोडल अधिकारी, स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजनता की भागीदारी सुनिश्चित करें।

पंचायत दिवस समारोह में स्वच्छ भारत मिशन, जलजीवन मिशन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की गतिविधियों से आमजनता को अवगत कराएं। जन सहयोग से गांव की जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं सुधार का कार्य कराएं। समारोह में स्वच्छ सुजल गांव की सभी को सामूहिक रूप से शपथ दिलाएं। ग्राम पंचायत भवन में ग्राम जल स्वच्छता समिति के नाम प्रदर्शित कराएं। आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से स्वास्थ्य रक्षा तथा पोषण को बढ़ावा देने की गतिविधियों से जुड़े आयोजन करें। शासन की मंशानुरूप राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोह का आयोजन करें।

# जन अभियान परिषद का व्याख्यान माला सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार सतना जिले के सोहावल विकासखंड में भारतर% डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती पखवाड़े अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला में वरिष्ठ सामाजिक चिंतक एवं व्याख्याता वर्षा तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यर म के अध्यक्ष जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी, माधुरी सिंह, आर.एन त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि रहे। मां भारती और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण उपरांत कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में विषय का प्रवर्तन करते डॉ. राजेश तिवारी ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जिन्हें बाबा साहब अंबेडकर के नाम से जाना जाता हैं उनका जन्म 14 अप्रैल को समानता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जीवन भर समानता के लिये संघर्ष करने वाले अंबेडकर को मानव अधिकार एवं समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। अंबेडकर जी को विश्वभर में उनके मानव अधिकार आंदोलन, संविधान निर्माता और उनकी विद्वता के लिए जाना जाता हैं। यह दिवस उनके प्रति सम्मान ब्यक्त करने के लिये मनाया जाता है। समानता और न्याय के प्रतीक बाबा साहब एक सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता रहते हुए भारतीयों में समानता लाकर मेहनत शिक्षा सामाजिक परिवर्तन में विशिष्ट योगदान दिया। कार्यक्रम में वर्षा तिवारी ने बताया कि बाबा साहेब सर्व समाज के हितों के पक्षधर थे। उनके द्वारा सविंधान के माध्यम से सभी के हितों की रक्षा हेतु ऐसे नियम बनाये गये जिससे समाज के हर जाति, वर्ग और लिंग का व्यक्ति अपने आपको सबल महशूस कर सके। बाबा साहब नें देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करनें हेतु एक ऐसे संविधान की रचना की जिसके माध्यम से सबका साथ और सबका विकास की परिकल्पना पूर्ण हो सके। कार्यर म का संचालन परामर्शदाता राजनारायण सेन द्वारा किया गया।

# प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज सतना आयेंगे



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कै ला श विजयवर्गीय 24 अप्रैल को सडक मार्ग से प्रातः 11.30 बजे सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय सतना में स्थानीय कार्यर मों में शामिल होंगे तथा दोपहर 2.30 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके पश्चात सतना से रात्रि 8.15 बजे संघमित्रा एक्सप्रेस से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

# स्थानांतरण नीति के अनुरूप प्रक्रिया को पारदर्शी, सुविधाजनक एवं सरल बनायें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल (ई-एचआरएमएस) की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉड्यूल मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के सिद्धांतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉड्यूल में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश इस तरह से किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लागू प्रतिबंध अगले कुछ दिनों में हटाया जाने वाला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी समयावधि को ध्यान में रखते हुए ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की अंतिम टेस्टिंग पूर्ण कर ली जाए, ताकि प्रतिबंध हटते ही स्थानांतरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा, सुगमता और पारदर्शिता के साथ संचालित की जा सके।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह मॉड्यूल प्रदेश में मानव संसाधन प्रबंधन को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि कर्मचारियों के बीच विश्वास भी सुदृढ़ होगा। इस दौरान आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी, विभागीय अधिकारी, एमपीएसईडीसी के तकनीकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें - डॉ. शुक्ला



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में पिछले एक सप्ताह से वातावरण में लगातार परिवर्तन हो रहा है। जिले का अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। कच्चे आम के पने का भी उपयोग करें। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

# बाल विवाह होने पर दो साल की सजा और एक लाख रुपए का होगा जुर्माना - कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ कानूनी रूप से अपराध है। विवाह के लिए कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। इस निर्धारित आयु से कम आयु के कन्या तथा वर का विवाह कानूनन अपराध है। इस तरह का बाल विवाह करने वाले और उसे संपन्न कराने वाले को दो वर्ष तक की सजा तथा एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी माता-पिता अपने बेटे और बेटी का विवाह उचित आयु में करें। कम आयु में बेटी शारीरिक और मानसिक रूप से विवाह के योग्य नहीं होती है। बाल विवाह गंभीर सामाजिक कुरीति है। इसे रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। इसके तहत बाल विवाह से पीड़ितों को सुरक्षा और राहत प्रदान करने के साथ-साथ बाल विवाह को प्रोत्साहित करने एवं उसे संपन्न कराने वालों पर कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसमें दो वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। कलेक्टर ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि आपके आसपास यदि बाल विवाह हो रहा है तो बिना समय गंवाए पास के पुलिस थाने, पुलिस अधिकारी अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को सूचना दें। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर भी इसकी सूचना दी जा सकती है। सूचना मिलने पर तत्परता से वैधानिक कार्यवाही करते हुए बाल विवाह को रोका जाएगा।

कलेक्टर ने कहा है कि समाज में अब बाल विवाह की घटनाएं लगभग न के बराबर होती हैं। लेकिन यदि कहीं पर भी बाल विवाह संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है तो आमजन तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा पुलिस थाने को इसकी सूचना दें। विवाह संपन्न कराने वाले धर्मगुरू तथा विवाह से संबंधित व्यवस्थाओं जैसे बारातघर, हलवाई, विवाह घर संचालक, बैण्डबाजे वाले आदि बाल विवाह होने पर तत्काल सूचना दें। बाल विवाह को रोकने के लिए जिले भर में एसडीएम की अध्यक्षता में उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका प्रभारी सहायक संचालक आशीष द्विवेदी को बनाया गया है। उनका मोबाइल नम्बर 9755270639 है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा बाल विवाह निषेध अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय को मोबाइल नम्बर 9425470883 पर भी बाल विवाह के संबंध में सूचना दी जा सकती है।

# 47 मछली पालक किसानों को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार खेती और उस पर आधारित उद्योग हैं। खेती के साथ-साथ पशुपालन, मुर्गीपालन तथा मछली पालन को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। रीवा जिले में बड़ी संख्या में बारहमासी तालाब हैं। इनमें मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत रीवा जिले में झींगा पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 47 मत्स्य किसानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में उप संचालक मछली पालन डॉ. अंजना सिंह ने बताया कि मछली पालक किसानों को प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र में दिया गया। प्रशिक्षण में किसानों को आधुनिक तकनीकों और नवीनतम विधियों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य झींगा पालन में किसानों की तकनीकी समझ को बढ़ाना और उन्हें व्यावसायिक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना था। कार्यक्रम के दौरान मछली पालक किसानों को झींगा पालन की वैज्ञानिक विधियों, जल प्रबंधन, आहार प्रबंधन, रोग नियंत्रण, और विपणन संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में झींगा पालन विशेषज्ञ डॉ. सतेंद्र सिंह वशिष्ठ टीकमगढ़ ने झींगा मछली पालन के संबंध में किसानों को जल प्रबंधन, मछली पालन तकनीक तथा विपणन का प्रशिक्षण दिया। इन किसानों को आगामी वर्षाकाल में उनके द्वारा चिन्हित तालाबों में झींगा मछली पालन कराया जाएगा। इससे इन किसानों की आय में वृद्धि होगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद किसानों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

## मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक 29 को

**रीवा .** मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक 29 अप्रैल को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मऊगंज में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन करेंगे। बैठक में आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में संबंधित ग्राम पंचायतों को आवंटित राशि के उपयोग तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग कमलेश्वर सिंह ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से राशि उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना बैठक 28 को

**रीवा .** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2023-24 में चयनित 9 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्ययोजना में शामिल बिन्दुओं पर विचार करने के लिए 28 अप्रैल को बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

# महिलाओं की स्वतंत्रता और प्रगति से ही समाज की प्रगति




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र तथा जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड के मुख्य आतिथ्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला बाल विकास विभाग तथा अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सुधीर सिंह राठौड ने अपने उद्बोधन मे पॉक्सो, व महिलाओं के संबंध में विधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की स्वतंत्रता और प्रगति से ही समाज की प्रगति होती है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम व पॉक्सो अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बालक-बालिकाओं के साथ यौन प्रताड़ना के संबंध में पॉक्सो में कड़े प्रावधान किए गए हैं जो कि बालक-बालिकाओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। एसडीओपी उमेश प्रजापति एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीतु उपाध्याय ने सायबर क्राईम के बारे में जानकारी दी। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मीना मिश्र ने बाल कल्याण समिति के संबंध में प्रावधानों के बारे में बताया बालकल्याण समिति के सदस्य प्रवीण मिश्रा, विभा द्विवेदी ने भी बालक अधिकारों के बारे में प्रकाश डाला। अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी अंजु पाण्डेय ने पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी। समग्र चेतना विकास परिषद के संचालक सुमित सिंह ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी दी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरेंद्र सिंह, आनंद पाण्डेय, मंजूर अहमद, आरती तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समाज सेवी ममता नरेंद्र सिंह ने महिलाओं के संबंध में विधि की भूमिका के बारे बताया। समाजसेवी ममता मिश्रा, सीमा वास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक सूर्यप्रकाश वर्मा, कन्या महाविद्यालय की प्राध्यापिका रचना वास्तव एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की स्वाती श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में सभी व्यक्तियों को बाल विवाह के रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय की छात्रा कु0 शबा रसूल ने बाल विवाह के रोकथाम हेतु एकल नाटिका प्रस्तुत की। आभार समाजसेवी डॉ.मुकेश येंगल ने किया। कार्यक्रम में अमरज्योति गुप्ता, दीपक गुप्ता, उमेश बघेल, भीमसिंह, धर्मेन्द्र नापित, श्लेषा शुक्ला, नीलू तिवारी, नसरीन खान, एवं कन्या महाविद्यालय व पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के विधि छात्र-छात्राएं एवं महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर व अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाने के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा और मऊगंज जिले में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर समारोह के आयोजन के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विकासखण्ड रीवा के लिए परियोजना अधिकारी स्मिता खरे, रायपुर कर्चुलियान के लिए सहायक परियोजना अधिकारी आभा सिंह, गंगेव तथा नईगढ़ी में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन फरहत जैव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखण्ड सिरमौर में लेखाधिकारी योगेन्द्र पाण्डेय, विकासखण्ड जवा में ऑडिटर एलबी सिंह, त्योंथर में परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी, मऊगंज में सहायक परियोजना अधिकारी राजेश शुक्ला तथा हनुमना में सहायक संचालक आरके सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने शासन के निर्देशों के अनुसार विकासखण्डों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोहपूर्वक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

# विचार

## बढ़ती गर्मी में पशु–पक्षियों की प्यास बुझाएं

गर्मी बढ़ रही है। लू के तेज थपेड़ों के अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए तरह–तरह के उपाय कर रहे हैं। पशु–पक्षियों के बारे में खबरें आ रही हैं। पिछले दिनों ऐसी ही 2 दिलचस्प खबरों पर नजर पड़ी। एक में बताया गया कि दक्षिण लखीमपुरखीरी और दुधवा नैशनल पार्क में बढ़ती गर्मी को देखते हुए वन विभाग ने जंगल में पानी के स्त्रोत बनाए। इन्हें 'वाटर होल' नाम दिया गया। दक्षिण खीरी में 12 और दुधवा में 37 वाटर होल बनाए गए जिससे कि यहां रहने वाले जानवर अपनी प्यास बुझा सकें। मगर अधिकारी यह देखकर चकित रह गए कि इन सब पर बाघों ने कब्जा कर लिया है। वे यहीं रहते हैं और खेलते–कूदते भी हैं। इनके डर के कारण दूसरे जानवर यहां पानी पीने नहीं आ पाते। वे पानी के लिए बस्तियों का रुख करते हैं। चीतल और जंगली सूअर भी आते देखे गए हैं।

बताया जा रहा है कि जंगली सूअर कइयों को घायल कर रहे हैं। अधिकारियों की समझ में नहीं आ रहा कि वे क्या करें। वे कह रहे हैं कि जंगल के बाहर भी ऐसे पानी के स्त्रोत बनाए जा रहे हैं जिससे छोटे जानवर वहां आकर अपनी प्यास बुझा सकें। मान लीजिए जंगल के बाहर बनाए गए स्त्रोतों पर भी बाघों ने कब्जा कर लिया, तो क्या होगा। आखिर उन्हें कौन रोक सकता है। वैसे भी कहा गया है कि 'समरथ को नहिं दोष गुसाईं'। दूसरी खबर कूनो नैशनल पार्क से जुड़ी हुई थी। यहां सत्य नारायण गुर्जर पर्यटकों को घुमाने का काम करता है। एक दिन वह जा रहा था, तो उसने कई चीतों को देखा। उसे लगा कि इन्हें प्यास लगी होगी। वह गाड़ी से नीचे उतरा। अपने साथ लाए पानी को एक तसले में उंडेला। यह देखते ही चीते दौड़े आए और पानी पीने लगे। वे सचमुच प्यासे थे। इसका वीडियो वायरल हो गया।

बड़ी संख्या में लोगों ने इसे देखा और सत्य नारायण की तारीफ भी की। लेकिन वहां के अधिकारियों ने कहा कि सत्य नारायण ने यह ठीक नहीं किया है। उसे चीतों को पानी नहीं पिलाना चाहिए था। जंगल में भगा देना चाहिए था। शायद अधिकारियों ने महसूस किया हो कि अगर चीते उस पर हमला कर देते या कोई और ऐसा करने लगे और चीतों के हमले का शिकार बने, तो भारी मुसीबत हो जाएगी। इसलिए उसे काम से हटा दिया गया। लेकिन मीडिया में उसके नौकरी से हटाए जाने की बहुत आलोचना हुई। गुर्जर समाज ने धमकी दी कि अगर उसे काम पर वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन करेंगे। सत्य नारायण ने भी एक बातचीत में कहा कि उसने चीतों को पानी पिलाकर कोई अपराध नहीं किया है। उसके बाबा तो शेरों को पानी पिलाते थे। उसे लगा कि चीते प्यासे हैं, तो उन्हें पानी पिला दिया। क्या गलत किया। जब सत्य नारायण को हटाए जाने की आलोचना होने लगी तो अधिकारियों ने फिर से उसे काम पर रख लिया। सोचें कि अगर मीडिया इस घटना का संज्ञान न लेता, तो यह युवा तो एक अच्छे काम के लिए अपनी नौकरी से ही हाथ धो बैठता।

# पिछले सात दशकों में 40गुना से अधिक बढ़ गया कीटनाशकों का उपयोग

**वर्तमान में दुनिया भर में अनाज, फलों सजियों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए खेतों में तमाम तरह के रासायनिक कीटनाशकों का छिड़काव बिना किसी हिचकिचाहट के धड़ल्ले से किया जा रहा है। हमारा मुल्क भी इसमें पीछे नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनी मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए उच्च खतरों को उत्पन्न करने वाले रसायनों से हर साल अरबों रुपए का मुनाफा कमा रही है। वहीं इसके अत्यधिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को काफी क्षति पहुंच रही है। वर्तमान समय में आधुनिक खेती के लिए कीटनाशक दवाएं जरूर बन चुकी है ।गौर करने लायक बात किया है कि इससे होने वाले फायदे से ज्यादा अब क्षति हो रही है। ग्रीन पीस ब्रिटेन द्वारा घोषित बैश्वक संस्था अनअथर्ड और स्विस एनजीओ पलिक आई के विश्लेषण में बेहद चौंकाने वाली बातें निकलकर सामने आई है। हिंदुस्तान सहित दुनिया के 43 देश में हुए इस अध्ययन के अनुसार खतरनाक कीटनाशक विकसित देशों के मुकाबले मुक विकासशील और निर्धन देशों को ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं। हिंदुस्तान में 59त्न खतरनाक कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है वहीं ब्रिटेन में यह मात्र 11 फ़ीसदी है।**



कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनियां मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानिकारक रसायनों से हर साल अरबों डालर कमाती है। अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों का बिक्री अनुपात साधन–संपन्न देशों की तुलना में निर्धन देशों में अधिक पाया गया। कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनियां अपने मुनाफे को कभी भी सार्वजनिक नहीं करती है। पांच बड़ी कंपनियों द्वारा बिक्री किए जाने वाले कुल कीटनाशक का एक चौथाई मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है ।इसमें कैंसर जन्य तत्व शामिल थे ,जबकि 10 फीसदी कीटनाशकों के विषैले तत्व मधुमक्खियों द्वारा लाए गए थे। इसके अतिरिक्त विश्लेषण में पाया कि 5 फीसदी बिक्री रसायनों की थी जो कि मानव के लिए हानिकारक होते हैं ।विश्व में हर साल तकरीबन 2 लाख आत्महत्याओं को कीटनाशक विषाक्त के लिए कसूरबार ठहराया जाता है। इनमें से तकरीबन सभी विकासशील देशों में है ।विश्लेषण के मुताबिक साधन संपन्न देशों में एचएचपी की बिक्री का औसत अनुपात निम्न और मध्यम आय वाले देशों में 45वीं साड़ी की तुलना में 27 फीसदी था, जबकि दक्षिण अफ्रीका में यह 65त्न फीसदी तक पहुंच गया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र खाध और कृषि संगठन द्वारा कीटनाशक प्रबंधन के वैश्विक सर्वेक्षण में पाया गया कि गंभीर रूप से विभिन्न कमियां हैं। पर्यावरण और मानवों पर हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए देशों को कठोर नियम बनाने चाहिए। इन्सानी जिंदगी के लिए खतरनाक पदार्थों और मानवाधिकारो पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कंपनियों द्वारा एच एच पी के माध्यम से आम अर्जित करना अनुचित है।इन उत्पादों का निरंतर उपयोग किया जा रहा है। यह मानवाधिकारो के उल्लंघन की वजह बन रहा है। कीटनाशक उधोग क्रोपलाइफ इंटरनेशनल ने बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार किया है कि उसके सदस्यों द्वारा बेचे जाने वाले रसायनों का 15फीसदी एच एच पी है। उन्होंने कहा कि इनमें से क ई का उपयोग सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। क्रोपलाइफ इंटरनेशनल से संबंधित सदस्य कीटनाशक प्रबंधन पर एफ ए ओ अंतरराष्ट्रीय आचार संहिता का समर्थन करते हैं।

ग्रीनपीस ब्रिटेन की संस्था के मुताबिक विश्व भर को जहरीले कीटनाशकों से सराबोर फसलों के आधार पर औधोगिक खेती के मॉडल पर टिकाए रखना इन कंपनियों के हित में है, लेकिन इन खतरनाक रसायनों का स्वास्थ्य भोजन प्रणाली में कोई स्थान नहीं है और सरकारों को विश्व भर में इन पर प्रतिबंध लगना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए शोध से ज्ञात हुआ है कि कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से कैंसर, मानसिक विकार , स्मरण शक्ति का हास , प्रतिरोधक क्षमता का हास, गुर्दे तथा यकृत की बीमारियां,चर्म रोग जैसी बीमारियां उत्पन्न हो रही है। हालांकि कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से इन्सान और पर्यावरण को होने वाली क्षति को देखते हुए इसके अंधाधुंध उपयोग पर लगाम लगाने की कोशिशे तेज हुई है। देश में जहां 2000टन कीटनाशक की हमारे देश में खपत थी। वहीं वर्तमान समय में यह खपत बढ़कर 90हजार टन से भी अधिक हो गई है।60के दशक में देश में जहां 6.4हेकटेयर में कीटनाशकों का छिड़काव होता था वहीं वर्तमान में 1.5करोड हेक्टेयर क्षेत्र में कीटनाशकों का छिड़काव हो रहा है। इसका दुष्परिणाम यह हुआ है कि हमारे मुल्क में पैदा होने वाले अनाज, सब्जी, फलों सहित दूसरे कृषि उत्पादों में कीटनाशकों के उपयोग की मात्र निर्धारित मापदण्ड से अधिक पाई गई है। वर्तमान में जिस प्रकार से कीटनाशक दवाओं का अंधाधुंध उपयोग किया जा रहा है, उससे विषाकतीकरण की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ अजय पाल का स्पष्ट तौर पर कहना है कि मानव शरीर पर कीटनाशकों के साइड इफेक्ट बहुत गंभीर होते हैं ।कीटनाशक भोजन के माध्यम से सीधे हमारे शरीर में पहुंच जाते हैं, जिसका असर शरीर के विभिन्न अंगों पर गंभीर रूप से होता है। इससे शरीर की इम्युनिटी सिस्टम कमजोर होती है। इसके साथ ही लिवर और किडनी पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इससे इंनफटिलिटी, पेट का कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है।

## मनुष्य जन्म जीवन जीने के लिए, मृत्यु के लिए नहीं-पोप

कैथोलिक ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की उम्र में सोमवार को निधन हो गया है। पोप फ्रांसिस ने एक धर्म गुरु के रूप में सारी दुनिया को मानव जाति के लिए, बिना किसी भेदभाव के जीवन का उद्देश्य और जीवन जीने का तरीका बताया है। वह वर्तमान समय में सभी के लिए प्रेरणादायक है। फ्रांसिस पोप का कहना था मनुष्य जन्म, जीवन जीने के लिए होता है। जन्म और मृत्यु सत्य है। जीवन जीने के लिए मिलता है। इसका उपयोग सभी को करना चाहिए। 1300 वर्षों के इतिहास में वह पहले गैर यूरोपीय पोप बने। अर्जेंटीना में उनका जन्म हुआ था, मां–बाप अप्रवासी के रूप में इटली लेकर आए थे। पादरी बनने के पहले वह एक क्लब में बाउंसर के रूप में काम करते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में एक केमिकल लेब में भी काम किया। अर्जेंटीना के एक कॉलेज में साहित्य और मनोविज्ञान के शिक्षक के रूप में भी काम किया। 21 साल की उम्र में वह जेसुइट समुदाय में शामिल हुए, बाद में उन्हें ब्यून आर्यस मे पादरी बनाया गया। 2001 में उन्हें पोप जान पॉल द्वितीय के रूप में कार्डिनल पद की जिम्मेदारी दी गई। 2013 में वह 266 वें पोप के रूप में नियुक्त हुए। पोप के पद में निर्वाचित होने के बाद उन्होंने पोप के लिए बने भव्य पैलेस में रहना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने एक साधारण गेस्ट हाउस को अपना निवास स्थल बनाया। शक्ति की प्रतीक सोने की अंगूठी के स्थान पर उन्होंने चांदी की अंगूठी पहनी। आर्क बिशप के पद पर होने के बाद भी उन्होंने कभी भी महंगी कारों में बैठना स्वीकार नहीं किया। वह पब्लिक बस और मेट्रो में सफर करना पसंद करते थे। आम जनता और गरीबों से जुड़े रहकर, उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को बेहतर संदेश देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। परंपरा के अनुसार ईस्टर के पहले पोप गरीबों के पैर धोते हैं। 2024 में पोप ने रोम की जेल में सजायाफ्ता महिलाओं के पैर धोकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। पोप गरीबों के बीच सहज व्यवहार और दरियादिली के कारण भगवान के रूप में पूजे जाते थे। गरीबों के मन में उनके प्रति अगाध श्रद्धा थी। पोप रात में सड़कों पर निकालकर गरीबों को दान देते थे, उनकी हर संभव मदद करते थे। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विचारों से पोप फ्रांसिस कभी सहमत नहीं रहे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दीवार बनाने की योजना को पोप ने नकार दिया था। पोप ने ट्रंप को समझाया था, दीवारें बनाने वाले खुद दीवार के अंदर कैदी बन जाते हैं। इसका मतलब आसानी से समझा जा सकता है। मानव जाति के बीच में दीवार खड़ा करना प्रकृति के विपरीत है। उन्होंने मानव जाति को एक दूसरे से अलग रखने को प्रकिृति एवं धर्म के विपरीत बताया था। मनुष्य को किसी सीमा में बांधने को वह धर्म के विपरीत मानते थे।

# संघर्ष और कारोबार के चलते भारत में बढ़ रही चीनी भाषा की प्रासंगिकता

बीते बीस अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में चीनी भाषा दिवस मनाया गया। यूनेस्को के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा चीनी या मंदारिन ही है। इसे चीन के अलावा ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, थाइलैंड, ब्रुनई, इंडोनेशिया और फिलीपिंस में भी इसका व्यवहार हो रहा है। मंदारिन को लेकर भाषा विज्ञानियों में मान्यता है कि यह कठिन भाषा है। हालांकि चीनी भाषाविदों ने इसे पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही सहज बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है। इसलिए यह पहले की तुलना में अब कहीं ज्यादा सहज हो गई है। इसलिए दुनियाभर में इसे सहज रूप से इसे स्वीकार भी किया जाने लगा है।

जहां तक भारत का सवाल है तो चीन के साथ सीमाओं पर जारी तनातनी के चलते चीनी भाषा की पढ़ाई और जानकारी के लिए भारत में भी क्रेज बढ़ रहा है। गलवान में भारत–चीनी सैनिकों के संघर्ष के बाद चीनी सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा की जानकारी और शिक्षा देने की कोशिशें हो रही हैं। बेशक भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी चीन है, लेकिन उसकी भाषा और हमारी भाषाओं के बीच संबंधों की कोई सहज कडी नजर नहीं आती। इसलिए इस भाषा को सीखना थोड़ा कठिन होता है। चीन की भाषा को मंदारिन कहते हैं और मंदारिन का शाब्दिक अर्थ ही होता है, कठिन। इसलिए इस भाषा को सीखने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत पड़ती है।

मंदारिन में 21 व्यंजन और 16 स्वर होते हैं। इन ध्वनियों को मिलाकर लगभग 420 अलग–अलग शब्दांश बनाए जा सकते हैं। जहां तक मंदारिन में स्वरों की बात है तो इसमें चार स्वर होते हैं। ये चार स्वर – पहला स्वर, दूसरा स्वर, तीसरा स्वर, और चौथा स्वर ङ्क कहे जाते हैं। ये स्वर एक शब्दांश के उच्चारण में बदलाव करते हैं और अर्थ को बदल देते हैं। इसके अलावा, एक तटस्थ स्वर भी होता है, जिसे मंदारिन के भाषा विज्ञानी पाँचवाँ स्वर भी मानते हैं।

चीनी भाषा में, अक्षर को हांजी कहा जाता है। ये अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला या हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की तरह नहीं हैं। प्रत्येक अक्षर एक शब्द या अर्थ के लिए एक प्रतीक है। चीनी भाषा में हज़ारों अक्षर हैं, लेकिन दैनिक उपयोग में छह हजार से लेकर आठ हजार अक्षरों का प्रयोग होता है। इतने स्वरों को याद रखना आसान नहीं है, इसीलिए मंदारिन को कठिन भाषा कहा जाता है।



भारत में कई संस्थान चीनी भाषा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन यहां के कई विश्वविद्यालयों मसलन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमार मंगलम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, पंजाब विश्वविद्यालय, विश्वभारती, जामिया मिलिया इस्लामिया, सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ ही देहरादून के दून विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों में चीनी भाषा की पढ़ाई होती है। लेकिन अब इसे चीनी सीमा से सटे राज्य उत्तराखंड के स्कूलों में भी पढ़ाया जाने लगा है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। जिसके तहत उत्तराखंड राज्य के पंद्रह सरकारी स्कूलों के 11 वीं और बारहवीं कक्षा के करीब ढाई सौ बच्चों को चीनी भाषा पढ़ाई जा रही है। इस पहल का मकसद स्कूली छात्रों को मंदारिन भाषा से लैस करना है। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में चीन की हिस्सेदारी बढ़ती चली गई है। इतना ही नहीं, चीन आज विश्व की नंबर दो आर्थिक महाशक्ति हो चुका है। इस वजह से चीनी संस्कृति और भाषा के साथ ही आर्थिकी की ओर दुनिया हाथ बढ़ा रही है। इसके लिए चीनी भाषा के कुशल लोगों की वैश्वक स्तर पर जरूरत बढ़ रही है। चीन की कंपनियों और बाजार से संपर्क अंग्रेजी के जरिए भले ही हो जाए,लेकिन वहां की असल जरूरत और समस्या को उसी की भाषा में ही समझा और जाना जा सकता है। इसीलिए चीनी भाषा को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ी है। उत्तराखंड भी इसी वजह से अपने छात्रों को चीनी भाषा सिखा रहा है।

उत्तराखंड राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में जारी इस परियोजना की नींव पौड़ी गढ़वाल के डीएम आशीष चौहान ने 2023 में रखी थी। बच्चों को मंदारिन पढ़ाने का विचार साल 2021 में तत्कालीन भारतीय सेनाओं के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल के बीच चर्चा के बाद आया था। दून विश्वविद्यालय के चीनी अध्ययन विभाग के अध्यक्ष शैंकी चंद्रा के अनुसार, अभी यह परियोजना ऑनलाइन चलाई जा रही है, क्योंकि विश्वविद्यालय के पास अभी फिजिकल क्लास के लिए जरूरी संसाधनों की कमी है। परियोजना के संचालकों के अनुसार, 'मंदारिन सीखने से वैश्विक स्तर पर नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसकी वजह यह है कि चीन अब भी भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में एक है। बारहवीं पास कर चुके तीन छात्रों को मंदारिन की वजह से ही पिछले साल भारत के कुछ पड़ोसी देशों में ऊंचे वेतन पर नौकरियां मिल चुकीं हैं। वैसे भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ ही चीनी बाजार और कंपनियों के साथ काम करने वाली भारतीय कंपनियों में भी चीनी भाषा जानने वालों की मांग बढ़ी है। चीनी पर्यटकों के साथ काम करने वाले भारतीय होटलों और पर्यटन उद्योग को भी चीनी दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। लिहाजा इन क्षेत्रों में भी चीनी भाषा के जानकारों की मांग बढ़ी है। एक कहावत है कि आप सबकुछ बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं। चीन भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी है। लिहाजा इस वजह से भी जरूरी है कि चीन की भाषा सीखी जाए। यह सोच भारतीय समाज में भी बढ़ रही है। भारत और चीन कई अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से एक–दूसरे के सहयोगी है। भारत–चीन आर्थिक और वाणिज्यिक व्यापारिक संबंध कई प्लेटफार्मों के जरिए बन रहे हैं। आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संयुक्त समूह, सामरिक आर्थिक वार्ता, चीन का विकास अनुसंधान केंद्र, भारत–चीन वित्तीय वार्ता और अन्य संस्थागत तंत्रों के जरिए भारत और चीन के बीच संवाद और कारोबारी–बौद्धिक रिश्ते हैं। इसके साथ ही दोनों देश अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स के सक्रिय साझेदार हैं।

म्यूल बैंक खाता गिरोह के सरगना समेत 8 आरोपी गिरफ्तार

# बैंक खातों की करते थे खरीद-बिक्री, ऑनलाइन सट्टा का भी संचालन

**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in





बलरामपुर पुलिस ने म्यूल अकाउंट की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के सरगना समेत 8 सदस्यों को मध्यप्रदेश के बैढ़न से गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य बैंक अकाउंट खुलवाकर साइबर फ्राड करने वाले गिरोह को उपलब्ध कराते थे। जब्त मोबाइल और लैपटाप की जांच में करीब 4 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है। आरोपी ऑनलाइन सट्टा ऐप का भी संचालन कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर जिले में ऑनलाइन ठगी की रकम म्यूल अकाउंट धारक नंदन कुमार रजक 20 निवासी बरदर और शोएब खान 31 निवासी सामरी पाठ को गिरफ्तार किया गया था। दोनों के खातों में लाखों के लेन-देन का खुलासा हुआ था। बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर ने म्यूल अकाउंट मामले में आगे जांच के निर्देश दिए थे। साइबर सेल की जांच के दौरान पुलिस गिरोह तक पहुंच गई। बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर ने बताया कि, जांच के दौरान पता चला कि अंबिकापुर निवासी युवक सचिन कुमार सैनी उर्फ बिट्टू बिहारी मास्टर माइंड है। उसने षडयंत्र पूर्वक गिरोह तैयार किया और संपर्क में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेज स्टूडेंट्स और अन्य लोगों के नाम से बैंक खाता क्षेत्र के विभिन्न बैंकों में खुलवाकर 4000 से 12000 रुपए प्रति बैंक खाता के हिसाब से खरीद लेता था। उन सभी बैंक खातों को रायपुर में सक्रिय ब्रोकर्स को प्रति अकाउंट 10000 से 15000 रुपए में गिरोह बेच देता था। इन बैंक खातों को संचालन ऑनलाइन फ्रॉड का पैसा जमा करने के लिए किया जाता था। बाद में इन खातों से पैसे दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिए जाते थे या निकाल लिए जाते थे। पुलिस ने गिरोह के सरगना सचिन कुमार सैनी उर्फ बिट्टू बिहारी24निवासी गांधीनगर अंबिकापुर, राजेश सोनकर 25निवासी मुंगेली, सुखदेव साहू 23 निवासी सूरजपुर, आयुष कुमार साहू 23 निवासी सूरजपुर, मुकेश जायसवाल 21 निवासी पाली, कोरबा, प्रशांत सिंह 23 निवासी दत्ता कालोनी, अंबिकापुर।

अभिषेक जायसवाल 22 निवासी चांदनी बिहारपुर, सूरजपुर और दीपक कुमार यादव 26 निवासी तुमला, जशपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने गिरोह का संचालन करने के लिए बैढ़न में एक कमरा किराए में लिया था। आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटाप, 23 मोबाइल, 46 एटीएम कार्ड, 9 बैंक पासबुक, 4 चेकबुक और थार वाहन जब्त किया गया है। आरोपियों के बैंक अकाउंट में जमा 1.50 लाख रुपए फ्रीज का दिया गया है। आरोपियों से जब्त लैपटाप और मोबाइल फोन की प्राथमिक जांच पर सैकड़ों बैंक खातों के माध्यम से अनियमित रूप से लगभग 04 करोड़ रुपए के अवैध ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं। बलरामपुर एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी इसमें की जाएगी। खुलवाए गए सभी बैंक अकाउंट में षडयंत्र पूर्वक इंटरनेट बैंकिंग और एसएमस अलर्ट के लिए फर्जी मोबाइल नंबर लेकर लिंक करवाया जाता था। बैंक खाता की सभी जानकारी के साथ-साथ एटीएम कार्ड और लिंक्ड मोबाइल नंबर सिम कार्ड को कुरियर के माध्यम से रायपुर भेजकर गिरोह मोटी कमाई करता था।यह गिरोह ऑनलाइन बैटिंग ऐप KABOOK की आईडी लेकर सट्टा का संचालन भी कर रहा था। यह सट्टा आईपीएल के क्रिकेट मैचों में लगाया जा रहा था।

समोसे वाले पर कड़ाही का खौलता तेल डाला

# पैसे मांगने पर भड़का नशेड़ी, चेहरा-हाथ झुलसे, सिपाही ने पोहे वाले को पीटा



**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in

भिलाई में ठेला लगाकर अपना परिवार पालने वाले गरीबों के ऊपर दबंगई की दो घटनाएं हुईं। पहली घटना बैकुंठधाम मंदिर कैंप क्षेत्र में हुई। यहां एक नशेड़ी युवक ने पैसे मांगने पर समोसे वाले के ऊपर कड़ाही का खौलता तेल डाल दिया। वहीं दूसरी घटना में दुर्ग पुलिस के सिपाही ने नशे की हालत में एक ठेले वाले को पैसा मांगने पर बुरी तरह पीटा है। जानकारी के मुताबिक बैकुंठधाम निवासी प्रकाश प्रजापति 20 बैकुंठधाम मंदिर के पास समोसा का ठेला लगाता है। 6 महीने से प्रकाश और उसका बड़ा भाई दीपक प्रजापति यहां समोसा बेचते आ रहे हैं। बीते 22 अप्रैल मंगलवार की देर शाम वहीं का रहने वाला लड़का इमरान खान उर्फ बल्ले समोसा लेने पहुंचा। इमरान काफी नशे में था। उसने समोसा मांगा तो प्रकाश ने थोड़ा इंतजार करने के लिए बोला। इस पर इमरान भड़क गया और उससे गाली-गलौज करने लगा। प्रकाश ने डर की वजह से दूसरे ग्राहक का समोसा दे दिया। इसके बाद प्रकाश ने इमरान से 20 रुपए मांगे तो वो फिर भड़क गया। बोला तू मुझे जानता नहीं है और गाली देने लगा। इस पर प्रकाश ने कहा अगर नहीं देना को मत दो, लेकिन गाली-गलौज मत करो। इस पर इमरान ने गैस के ऊपर चढ़ी खौलते तेल की कढ़ाही को प्रकाश के ऊपर उड़ेल दिया। प्रकाश को बचाने के लिए उसका भाई दीपक आया तो दीपक के दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए और प्रकाश का चेहरा और हाथ झुलस गए। इसके बाद दोनों भाइयों को पास स्थित अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दीपक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं प्रकाश को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया। वहां से रात में उसे सेक्टर 9 अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

लैब टेक्नीशियन को बना दिया अस्पताल प्रबंधक

# यह स्वास्थ्य मंत्री का विधानसभा क्षेत्र, CMHO ने स्टाफ की कमी बताई वजह



**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in

छीसगढ़ का मनेंद्रगढ़ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का विधानसभा क्षेत्र है। मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेनीशियन को अस्पताल प्रबंधक बना दिया गया है। सीएचसी मनेंद्रगढ़ में लैब टेनीशियन सोमेंद्र मंडल को यह अतिरित जिमेदारी दी गई है। जिले के सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे ने इसका कारण स्टाफ की कमी बताया है। उनका कहना है कि मंडल अपनी मूल जिमेदारी के साथ यह काम भी देखेंगे। इस नियुति ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर मंत्री के अपने क्षेत्र में ही स्टाफ की इतनी कमी है, तो अन्य जिलों की स्थिति या होगी? यह सवाल अब जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सोमेंद्र मंडल को जब से यह अतिरित जिमेदारी दी गई है, तब से पूरे अस्पताल परिसर में और जिले के स्वास्थ्य महकमे में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। कई कर्मचारियों और अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर इस पर आपी जताई है। उनका कहना है कि यह जिमेदारी अनुभव और योग्यता के आधार पर दी जानी चाहिए, न कि केवल स्टाफ की कमी का बहाना बनाकर।

म्यूल बैंक खाता गिरोह के सरगना समेत 8 आरोपी गिरफ्तार

# बैंक खातों की करते थे खरीद-बिक्री, ऑनलाइन सट्टा का भी संचालन

**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in

बलरामपुर पुलिस ने यूल अकाउंट की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के सरगना समेत 8 सदस्यों को मध्यप्रदेश के बैढ़न से गिरतार किया है। गिरोह के सदस्य बैंक अकाउंट खुलवाकर साइबर फ्राड करने वाले गिरोह को उपलध कराते थे। जत मोबाइल और लैपटाप की जांच में करीब 4 करोड़ रुपए के ट्रांजेशन की जानकारी मिली है। आरोपी ऑनलाइन सट्टा ऐप का भी संचालन कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर जिले में ऑनलाइन ठगी की रकम यूल अकाउंट धारक नंदन कुमार रजक 20 निवासी बरदर और शोएब खान 31 निवासी सामरी पाठ को गिरतार किया गया था। दोनों के खातों में लाखों के लेन-देन का खुलासा हुआ था। बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर ने यूल अकाउंट मामले में आगे जांच के निर्देश दिए थे। साइबर सेल की जांच के दौरान पुलिस गिरोह तक पहुंच गई। बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर ने बताया कि, जांच के दौरान पता चला कि अंबिकापुर निवासी युवक सचिन कुमार सैनी उर्फ बिट्टू बिहारी मास्टर माइंड है। उसने षडयंत्र पूर्वक गिरोह तैयार किया और संपर्क में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेज स्टूडेंट्स और अन्य लोगों के नाम से बैंक खाता क्षेत्र के विभिन्न बैंकों में खुलवाकर 4000 से 12000 रुपए प्रति बैंक खाता के हिसाब से खरीद लेता था। उन सभी बैंक खातों को रायपुर में सक्रिय ब्रोकर्स को प्रति अकाउंट 10000 से 15000 रुपए में गिरोह बेच देता था। इन बैंक खातों को संचालन ऑनलाइन फ्रॉड का पैसा जमा करने के लिए किया जाता था। बाद में इन खातों से पैसे दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिए जाते थे या निकाल लिए जाते थे।पुलिस ने गिरोह के सरगना सचिन कुमार सैनी उर्फ बिट्टू बिहारी 24 निवासी गांधीनगर अंबिकापुर, राजेश सोनकर25 निवासी मुंगेली, सुखदेव साहू 23 निवासी सूरजपुर, आयुष कुमार साहू 23निवासी सूरजपुर, मुकेश जायसवाल 21 निवासी पाली, कोरबा, प्रशांत सिंह 23 निवासी दा कालोनी, अंबिकापुर। अभिषेक जायसवाल 22 निवासी चांदनी बिहारपुर, सूरजपुर और दीपक कुमार यादव 26 निवासी तुमला, जशपुर को गिरतार किया गया है। आरोपियों ने गिरोह का संचालन करने के लिए बैढ़न में एक कमरा किराए में लिया था।


आतंकियों ने रायपुर के कारोबारी को बच्चों के सामने मारी-गोली

# भिलाई के 70 लोग फंसे, श्रीनगर में सुरक्षित ठहराया गया, पहलगाम में बाजार-पर्यटन स्थल बंद

**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in

**रायपुर.** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया की गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकियों ने पत्नी, बेटे और बेटी के आंखों के सामने गोली मारी। मृतक का पार्थिव शरीर दिल्ली से फ्लाइट से रायपुर लाया जाएगा, जो रात 8 बजे पहुंचेगी। मिली जानकारी के मुताबिक दिनेश मिरानिया 45 को जिस दिन गोली मारी गई, उसी दिन उनकी शादी की सालगिरह थी। वह परिवार के साथ खुशियां मनाने बैसरन घाटी गए थे। वहां पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ सेलीब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने गोलियों से भून डाला। पहलगाम में दिनेश मिरानिया की पत्नी और बच्चों से गृहमंत्री अमित शाह मिले। शाह ने कहा कि हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है। साथ ही गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख और मामूली घायलों को 1 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं रायपुर-भिलाई के करीब 70 लोग श्रीनगर में फंसे हैं। एक होटल में रोका गया है। आतंकी हमले में चिरमिरी के 4 परिवारों के 11 लोग भी फंस गए थे। इनमें 3 बच्चे भी शामिल थे। सभी गर्मी की छुट्टियां मनाने 18 अप्रैल को चिरमिरी से जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हुए थे। 21 अप्रैल को सभी पहलगाम पहुंच थे। पर्यटकों में शिवांश जैन, हैप्पी वधावन, अरविंद अग्रवाल और कुलदीप स्थापक अपने परिवारों के साथ पहलगाम पहुंचे थे। हमले के समय सभी लोग पहलगाम में ही थे। शिवांश जैन ने बताया कि भू-स्खलन के कारण सड़क पर जाम लगा था। सड़क के दोनों ओर पर्यटकों की भीड़ थी, तभी अचानक फायरिंग शुरू हो गई।





### बच्चों को लेकर भागी, तब बची जान

नेहा मिरानिया उर्फ नेहा अग्रवाल ने ही पति की मौत की खबर रायपुर में अपने रिश्तेदारों को दी। नेहा ने रिश्तेदारों को फोन पर जो बताया उसके अनुसार दोपहर में हम चारों बैसरन घाटी घूम रहे थे। अच्छा लोकेशन देखकर दिनेश बच्चों के साथ फोटो ले रहे थे। वहां चारों ओर और भी कई लोग मौजूद थे, तभी घाटियों से हथियारों से लैंस आतंकी आए। पहले तो हम समझे नहीं वो कौन लोग हैं। करीब आते ही उन्होंने एकाएक हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों को नाम पूछा और गोली मार दी। वो सिर्फ पुरुषों को ही निशाना बना रहे थे।हमले के दौरान वहां चीख पुकार और भगदड़ मच गई। इस बीच कुछ स्थानीय लोग सामने आए उन्होंने महिला और बच्चों को बचाया। उसी दौरान मुझे भी बच्चों के साथ भागने का मौका मिला, फिर हम वहां से सेना के कैंप में गए। जहां सभी को सुरक्षित रखा गया।

### आतंकियों को बशा नहीं जाएगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यत करता हूं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बशा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा। राहुल गांधी ने कहा कि, आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जमू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं।

**मिरानिया की पत्नी को आई चोट**

कारोबारी की पत्नी नेहा को चेहरे में गहरी चोट आई है। बच्चे भी जमी हुए हैं। नेहा के चेहरे में बारुद के छींटे पड़े हैं। मौत का मंजर देखने से सभी डरे-सहमे हैं। बच्चे तो फोन पर भी किसी से बात करने की स्थिति में नहीं है।

**भाइयों में छोटे थे दिनेश मिरानिया**

दिनेश का स्टील का कारोबार है। दिनेश चार भाइयों में सबसे छोटे थे। वह परिवार के साथ समता कॉलोनी में रहते थे। एक भाई की पहले ही मौत हो गई है। उसके 2 बड़े भाई हैं। यह परिवार ओडिशा का रहने वाला है। कई साल पहले रायपुर आकर बस गया।

# आतंकी हमले में 27 मौत बिलासपुर में जलाए पाकिस्तानी झंडे

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर आतंकी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। इनमें रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया भी शामिल हैं। आतंकी हमले को लेकर छत्तीसगढ़ में आक्रोश का माहौल है। अलग-अलग जिलों में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वहीं बिलासपुर में हमले के विरोध में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। साथ ही पाकिस्तानी झंडे जलाए गए हैं। इनमें रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया भी शामिल हैं। आतंकी हमले पर CM विष्णु देव साय ने कहा कि हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे देश ने आतंकियों को हमेशा मुंहतोड़ जवाब दिया है।इस पर पूर्व डिप्टी CM टीएस सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, आपके बड़े-बड़े घोषणाओं के बावजूद आतंकवाद क्यों नहीं रुका। एजेंसियां हमलों को रोकने में क्यों विफल हो रही हैं। देश जवाब मांगता है, खोखले भाषण नहीं। वहीं पूर्व CM भूपेश बघेल ने कहा कि कायराना हमले का हमारे जवान करारा जवाब देंगे। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने X पर लिखा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला दुखद है, कायराना है। इस कायराना हमले के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। हमारे जवान




### आतंकवाद के खिलाफ हमारी एकता सबसे बड़ी ताकत

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जमू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला अमानवीय और दिल दहला देने वाला है, जिस बर्बरता से निर्दोष लोगों की हत्या की गई, उससे हर संवेदनशील मन रुंध गया है। हम शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। पूरा देश इस दुख की घड़ी में एकजुट है और आतंकवाद के विरुद्ध हमारी एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। निर्दोषों के लहू की यह आह बेकार नहीं जाएगी।

### बोले देश जवाब मांगता हैं

पूर्व डिप्टी CM टीएस सिंहदेव ने लिखा कि अभी एक हते पहले ही गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया था कि जमू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रभावी रूप से कम कर दिया गया है, लेकिन हाल ही में पहलगाम हमले के दिल दहला देने वाले दृश्यों ने उस कथन को तोड़ दिया है। सिंहदेव ने कहा कि सरकार की बड़ी विफलताओं को उजागर कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी, आपके बड़े-बड़े घोषणा के बावजूद आतंकवाद यों नहीं रुका? जमू-कश्मीर में नागरिकों, तीर्थयात्रियों और हमारे सैनिकों की सुरक्षा के लिए आपकी सरकार ने या ठोस कदम उठाए हैं? सिंहदेव ने कहा कि हमारी खुफिया और सुरक्षा प्रणालियां ऐसे भयानक हमलों को रोकने में यों विफल हो रही हैं? जवाबदेही तय होने से पहले और कितनी जानें जानी चाहिए? जब तक लोग खून बहाते रहेंगे, आप कब तक बयानबाजी के पीछे छिपे रहेंगे?। देश जवाब मांगता है- और खोखले भाषण नहीं।

साइबर ठगी रोकने के लिए पुलिस-बैंक की पहल

# सूरजपुर में नए खाते और मोबाइल नंबर अपडेट में सख्त जांच के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in

सूरजपुर में साइबर ठगी से आम नागरिकों को बचाने के लिए पुलिस प्रशासन ने पहल की है। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार को सभी बैंक प्रबंधकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। एसएसपी ठाकुर ने कहा कि साइबर अपराध में दो महत्वपूर्ण कड़ियां हैं - बैंक और मोबाइल सिम प्रोवाइडर। उन्होंने बताया कि अगर दोनों संस्थाएं नियमों का कड़ाई से पालन करें, तो धोखाधड़ी को काफी हद तक रोका जा सकता है। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैंकों को निर्देश दिया गया कि नया खाता खोलने से पहले ग्राहक की पूरी जांच-पड़ताल करें। साथ ही खाते में मोबाइल नंबर अपडेट करते समय भी पूरी सतर्कता बरतें। समन्वय बेहतर करने के लिए पुलिस अधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम और बैंक अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। इससे तत्काल कार्रवाई में मदद मिलेगी। पुलिस अधिकारियों ने बैंकों से धोखाधड़ी की शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने का आग्रह किया। साथ ही नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूक करने की जिम्मेदारी भी बैंकों को दी गई है। एसएसपी ठाकुर ने कहा, अगर पीड़ित को समय पर जानकारी मिलती है कि उसका पैसा किस खाते में गया है, तो सिस्टम पर उसका भरोसा बना रहता है।

मरवाही के पीएमश्री स्कूल में पढ़ाता था

# 9वीं की छात्रा से रेप का आरोपी शिक्षक बर्खास्त



**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में छात्रा से रेप के आरोप में आत्मानंद स्कूल के टीचर को बर्खास्त कर दिया गया है। आरोपी युगल किशोर 35 मरवाही के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में संविदा सहायक शिक्षक पद पर था। उसने 9वीं की छात्रा से रेप किया था जिसके बाद वह प्रेग्नेंट हो गई थी। मामला 19 अप्रैल 2025 को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सामने आया। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर की मंजूरी से आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। छात्रा की जब तबीयत बिगड़ी और पता चला कि वह गर्भवती है तब इस मामले का खुलासा हुआ। पीड़िता के बयान और परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मरवाही और पेंड्रा थाने में दो अलग-अलग FIR दर्ज की गई थी।शिक्षक का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है। इसलिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

25 लोगों से भरी पिकअप पलटी...2 बच्चों की मौत

# 20 घायलों में 9 की हालत गंभीर, चौथिया भोज से लौटते वक्त पत्थर से टकराई गाड़ी



**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में 25 ग्रामीणों से भरी तेज रफ्तार पिकअप पलट गई। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 20 घायल हैं। इनमें 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। मामला चेंद्रा चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में दिगंबर राजवाड़े 12 और पुन्नू चेरवा 13 की मौत हुई। ये दोनों बच्चे भंडारपारा के रहने वाले थे। हादसे में बच्चों के सिर और सीने में गंभीर चोटें आई थीं, जिससे दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।दरअसल, सूरजपुर के लटोरी चौकी क्षेत्र के ग्राम भंडारपारा निवासी तलिंदर राजवाड़े की बेटी की शादी 5 दिनों पहले ओड़गी ब्लॉक के बिलासपुर निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद मंगलवार को चौथिया भोज का आयोजन किया गया था। चौथिया भोज कार्यक्रम में भंडारपारा गांव से 25 ग्रामीण पिकअप में सवार होकर बिलासपुर गए थे। इनमें महिला, पुरुष और कुछ बच्चे भी शामिल थे। कार्यक्रम के बाद सभी लोग बिलासपुर से भंडारपारा के लिए वापस लौट रहे थे।इस दौरान तेज रफ्तार पिकअप रात करीब 10 बजे ग्राम बिसाही पोड़ी के पास पहुंची। बिसाही पोड़ी के नकटी नाला के पास मोड़ में पिकअप का चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका। पिकअप मोड़ में एक पत्थर से टकराकर पलट गई। पिकअप सवार कई ग्रामीण छिटककर गिर गए। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना पर चेंद्रा चौकी प्रभारी एलपी गुप्ता और भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौशी की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से भटगांव स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।हादसे में 20 लोग घायल हुए हैं। इनमें 9 लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। वहीं 11 लोगों का भटगांव में ही इलाज चल रहा है। इस हादसे में दिगंबर राजवाड़े और पुन्नू चेरवा की मौत हुई है। चेंद्रा चौकी प्रभारी एलपी गुप्ता ने बताया कि जहां हादसा हुआ, वहां नाले के पास मोड़ है। मोड़ में ड्राइवर गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर सका और पिकअप पलट गई। हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

किराए के मकान में मिली लाश, मीटिंग में नहीं आने पर हुई थी कहासुनी

# TI से विवाद के बाद ASI ने खाया जहर...मौत

**मीडिया ऑडीटर(निप्र)**
Mediaauditor.in




छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में TI से विवाद के बाद,स्ढ्ढ ने जहर खाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि मीटिंग में नहीं आने पर गाली-गलौज हुई थी। मंगलवार को उनकी लाश बागबाहरा के महावीर कॉम्प्लेक्स स्थित किराए के मकान में मिली है। मामला कोमाखान थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम दशरथी साहू (60) है। वह बागबाहरा थाने में सहायक उप-निरीक्षक के पद पर पोस्टेड थे। थाना प्रभारी अजय सिन्हा के साथ विवाद के बाद भी वह ड्यूटी पर आए थे। ASI ने ड्यूटी से लौटने के बाद सुसाइड किया है।में डूब गया। उस स्थिति में कांग्रेस पार्टी ने बैंक चेक और ट्रांजैक्शन के जरिए 90 करोड़ रुपए का कर्ज दिया ताकि रिटायरमेंट पेमेंट, बिल और अन्य जरुरतें पूरी की जा सकें। दरअसल, बागबाहरा में ASI साहू अकेले रहते थे। उनका परिवार सरायपाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बैतारी में रहता है। मंगलवार को,स्ढ्ढ साहू थाने नहीं पहुंचे। इसके बाद SDOP कार्यालय का स्टाफ उनके घर पहुंचा। वहां वे अचेत अवस्था में मिले। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन उनकी मौत को हार्टअटैक से होना बता रहे हैं, जबकि बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के BMO बुधियार सिंह बढ़ाई का कहना है मैं ऑफिस में था। थाने वाले पोस्टमॉर्टम के लिए एक पुलिस स्टाफ की बॉडी लाए थे, जिसका डॉ. दीवान ने पोस्टमॉर्टम किया है। रिपोर्ट में जहर की पुष्टि हुई है। जानकारी के मुताबिक, दशरथी महासमुंद जिले के अलग-अलग थाना में आरक्षक के पद पर रहते हुए उन्होंने मुंशी के तौर पर लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी है। करीब 6 महीने पहले ही वे आरक्षक से प्रधान आरक्षक फिर सहायक उपनिरीक्षक के पद पर प्रमोट हुए। अब उनके रिटायरमेंट में 2 साल बाकी था।

# रोजगार मेलेदेश में सर्वाधिक 2600 रूपये प्रति क्विंटल दर पर गेहूं खरीद रही है मध्यप्रदेश सरकार-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार पूरे देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीद रही है, ताकि प्रदेश के गेहूं उत्पादक किसानों को सर्वाधिक लाभ मिले। इस उपार्जन राशि में सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में हम पंजाब और हरियाणा जैसे खाद्यान्न उत्पादक राज्यों से भी आगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी प्रकार के राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी प्रकार के राशन कार्ड धारकों को समय पर और बिना किसी कठिनाई के पात्रतानुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशन पाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सार्वजनिक खाद्यान्न वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर और त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन पाने से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं, विशेषकर खाद्यान्न वितरण, उज्जवला गैस योजना की सब्सिडी वितरण और घर-घर घरेलू गैस पाइप लाइन डालने का काम पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किये जाएं, ताकि प्रदेश के नागरिकों को सरकार की सुविधाओं का भरपूर लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्रुटिरहित राशन वितरण, किसानों को उपार्जन राशि का समय पर भुगतान और हर जरूरतमंद तक खाद्यान्न पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी प्रबंध और जरूरी कदम उठाये जायें।

घरेलू गैस की पाइप लाइन डालने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मक्का, कोदो-कुटकी जैसे श्रीअन्न भी स्व-सहायता समूह एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को दिये जायें, ताकि इनकी मांग (खपत) में वृद्धि हो और श्रीअन्न पैदा करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिले।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चल रही गेहूं उपार्जन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता का पालन किया जाए और किसानों को गेहूं उपार्जन का भुगतान कम से कम समय में कर दिया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल तक करें। इस अवधि तक बुकिंग कराने वाले सभी किसानों से गेहूं उपार्जन का समस्त कार्य 5 मई 2025 तक हर हाल में पूराकिया जाए।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक में बताया कि गोदामों में खाद्यान्न स्कंध की हेरा-फेरी पर अंकुश लगाने के लिए अब खाद्य विभाग द्वारा खाद्यान्नों के सभी बारदानों (बोरों) में क्यूआर कोड लगाये जायेंगे। इसी तरह एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधीन सभी वेयरहाउस को भी क्यूआर कोडयुक्त किया जा रहा है। इनमें सीसीटीव्ही कैमरे भी लगवाये जाएंगे। खाद्यान्न वितरण, शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नजर रखने एवं फूड-स्टॉकिंग के सभी कामों की मुख्यालय से निगरानी के लिए भोपाल में एक कंट्रोल कमांड सेंटर भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग स्वयं के 1596 गोदामों का क्रमबद्ध तरीके से आधुनिकीकरण एवं उन्नयन कर रहे हैं। सभी गोदाम में भंडारित स्टॉक एवं अन्य संसाधनों के अधिकतम रिस्क कवर के लिए नवीनतम प्रावधानों के तहत बीमा पॉलिसी भी लागू की जा रही है। मंत्री श्री राजपूत बताया कि उपार्जित स्कंध की साफ-सफाई के लिए उपार्जन केन्द्रों पर मैकेनाइज्ड क्लीनिंग मशीनों की स्थापना की गई है। स्कंध की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ग्रेन एनालाईजर के साथ-साथ विभाग के अधीन सभी वेयर हाउसेस में संकेतक (साइनेज) भी लगाये जा रहे हैं।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा (मुख्यमंत्री कार्यालय), अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण श्रीमती रश्मि अरुण शमी, आयुक्त खाद्य विभाग श्री कर्मवीर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं और व्यवस्थाओं की प्रगति से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया।

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश में 29 प्रकार की पात्रता श्रेणियों में एक करोड़ 31 लाख 34 हजार परिवारों को खाद्यान्न का? वितरण किया जा रहा है। अंत्योदय परिवारों को राशन के साथ शक्कर भी दी जा रही है। पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी के लिए विशेष अभियान जारी है। अब तक 80.43 प्रतिशत पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी की जा चुकी है। बताया गया कि जन पोषण केंद्र के रूप में विभाग द्वारा एक नवाचार किया जा रहा है। इसमें केन्द्र सरकार के सहयोग से पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर जिले की 30 शासकीय उचित मूल्य दुकानों को जन पोषण केंद्र बनाया गया है।

## मध्यप्रदेश राजस्थान सहित 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मौसम विभाग ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3-5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच गया। वहीं, स्र्क्क के 6 जिलों में हीटवेव के आसार है। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में मंगलवार को बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्ची तोड़ने के लिए तेलंगाना गया था। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मौसम विभाग ने कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मणिपुर सहित 12 राज्यों में आज बारिश की संभावना जताई है। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 27 अप्रैल तक भारी बारिश का अलर्ट है। असम और मेघालय में तेज आंधी-तूफान की आशंका है।

## हरियाणा के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल अंतिम सफर पर, करनाल में भारी भीड़

**करनाल ( एजेंसी )।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों की गोली से कत्ल हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का पार्थिव शरीर करनाल पहुंच गया है। यहां घर पर दर्शन के बाद उनकी अंतिम यात्रा शुरू हो गई है। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए जनसैलाब उमड़ा है। लोग विनय नरवाल अमर रहे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। थोड़ी देर में मॉडल टाउन स्थित श्मशान घाट में लेफ्टिनेंट का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले नवविवाहित पत्नी लेफ्टिनेंट के पार्थिव देह से लिपटकर रो पड़ीं। विनय का पार्थिव शरीर करनाल लाने से पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर लाया गया था। जहां गुरुग्राम की रहने वाली पत्नी हिमांशी ने विनय के लिए कहा- आई एम प्राउड ऑफ यू (मुझे आप पर गर्व है)। हिमांशी ने विनय को सैल्यूट करते हुए जय हिंद कहा।

## तहव्वुर की याचिका पर एएनआई का विरोध

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुंबई आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने 22 अप्रैल(मंगलवार) को परिवार से बात करने के लिए एएनआई की स्पेशल कोर्ट में याचिका दाखिल की। बुधवार को इस याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान जांच एजेंसी एएनआई ने याचिका का विरोध किया। एएनआई ने कोर्ट में कहा कि अगर राणा को परिवार से बात करने की इजाजत दी गई, तो वह कोई अहम जानकारी शेयर कर सकता है। इससे जांच प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने अब इस मामले में फैसला 24 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया है।

## पहलगाम हमले पर पंजाब सीएम की हाई लेवल मीटिंग

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने आज अपने आवास पर उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की। सीएम ने कहा कि इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। पंजाब पुलिस अलर्ट मोड पर है। सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहां सिविल और वर्दीधारी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा पर्यटन के लिए वहां गए और फंस गए पंजाब के लोगों को वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर सरकार पुलिस और प्रशासन के संपर्क में है। वहां फंसे सभी लोगों को पर्यटन विभाग पठानकोट के रास्ते घर पहुंचाएगा। सीएम ने घटना की निंदा की। पंजाब के डीजीपी ने बताया कि हमारी तरफ से एंटी ड्रोन सिस्टम जल्दी ही लॉन्च किया जाएगा। क्योंकि अब सीमा पार बैठे लोगों के पास हमारे यहां आतंक फैलाने का एक ही तरीका है। वहीं, पाकिस्तान ऐसा कर प्रॉक्सी वार लड़ रहा है।



## मणिपुर में 6 उग्रवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में- टोंगब्रम डॉली देवी(कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी), लोंगजाम टोनी सिंह(केसीपी पीडब्लूजी), लैशराम नोंगदंबा सिंह उर्फ लानलीबा (सोरेपा), आरके खोमडोनसाना (अरम्बाई टेंगोल), लौरेम्बम थोइबा उर्फ जैक्सन (अरम्बाई टेंगोल) और पीआरईपीएके का एक कैडर शामिल है। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को इंफाल के मोंगजाम की तलहटी में तलाशी अभियान के दौरान एक कार्बाइन, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल, सात मैगजीन, 73 कारतूस और 37 खाली खोखे भी जब्त किए।



## ब्रिटिश पीएम स्टॉर्मर ने पहलगाम हमले को बताया विनाशकारी

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले ने दुनियाभर में गुस्से और दुख का माहौल बना दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए और 17 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमले का शिकार ज्यादातर पर्यटक थे, जिनमें एक नागरिक यूएई और एक नागरिक नेपाल का भी शामिल था।

यह हमला 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी का सबसे घातक हमला माना जा रहा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। । स्टॉर्मर ने 'एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, ''कश्मीर में हुआ भयानक आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं।%% आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हमला किया जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमले के बाद सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही समाप्त कर बुधवार को भारत लौट आए। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने भी इस हमले को ''कायरतापूर्ण कृत्य बताया है। लैमी ने कहा, ''मैं कश्मीर में हुए भयानक और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं।

## गुजरात के कच्छ में भूकंप के झटके

**कच्छ ( एजेंसी )।** गुजरात के कच्छ जिले में मंगलवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, यह भूकंप रात 11 बजकर 26 मिनट पर आया। इसका केंद्र जमीन से 20 किलोमीटर नीचे था। फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके हल्के थे, लेकिन देर रात होने के कारण लोगों में कुछ देर के लिए घबराहट का माहौल बन गया। एनसीएस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि भूकंप का केंद्र 23.52ए उत्तरी अक्षांश और 69.95ए पूर्वी देशांतर पर था। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। 26 जनवरी 2001 को आया था भीषण भूकंप कच्छ इलाका भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है, और यहां पहले भी बड़े भूकंप आ चुके हैं। कच्छ के भुज में 2001 में आए भूकंप को याद किया जाता है। 26 जनवरी 2001 को आए इस भूकंप के कारण भुज में भारी तबाही मची थी और हजारों की संख?या में लोगों की मौत हुई थी।

## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले का विरोध

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में डब्ल्यूबीएसएससी के मुख्यालय का घेराव कर रहे प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने आयोग के चेयरमैन सिद्धार्थ मजूमदार को 40 घंटे बाद कार्यालय से जाने दिया। सिद्धार्थ मजूमदार 21 अप्रैल की रात से ही मुख्यालय के अंदर फंसे हुए थे। मजूमदार को 2016 एसएससी भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट पेश करने से संबंधित सुनवाई के सिलसिले में बुधवार को



कलकत्ता हाई कोर्ट में पेश होना है। प्रदर्शनकारियों ने कहा, हमारा धरना जारी रहेगा। अदालती कार्यवाही के बाद मजूमदार के कार्यालय लौटने पर उनका फिर से घेराव किया जाएगा।% कलकत्ता हाई कोर्ट बुधवार को पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा विभाग के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की ओएमआर शीट अपलोड नहीं की है।

## गृह मंत्री अमित शाह पीएम आवास पर पहुंचे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई है। इस गंभीर घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना सऊदी अरब दौरा बीच में छोड़कर बुधवार को दिल्ली लौट आए हैं।

आज शाम प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की एक अहम बैठक होने वाली है। इस बैठक में देश की सुरक्षा को लेकर बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। गृह मंत्री अमित शाह भी पीएम आवास पहुंच गए हैं और वो इस बैठक में शामिल होंगे। सीसीएस बैठक में देश की सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होती है, खासकर जब कोई बड़ा आतंकी हमला हुआ हो। सरकार अब इस हमले को लेकर पूरी तरह सतर्क हो गई है और आतंकियों को जवाब देने की तैयारी कर रही है।

## पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल लोगों को कड़ा जवाब मिलेगा-राजनाथ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में शामिल लोगों को ''निकट भविष्य'' में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और भारत ऐसी किसी भी आतंकवादी गतिविधि से ''भयभीत'' नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल उन लोगों को ढूंढ़ेगा जिन्होंने हमला किया, बल्कि उन लोगों का भी पता लगाएगा जिन्होंने ''पर्दे के पीछे बैठकर'' भारतीय धरती पर इस नापाक कृत्य को अंजाम देने की साजिश रची। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में



हमला किया जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। रक्षा मंत्री ने वार्षिक अर्जन सिंह स्मारक व्याख्यान देते हुए यह टिप्पणी की। संबोधन से कुछ घंटे पहले सिंह ने लगभग ढाई घंटे की बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

रक्षा मंत्री ने कहा, ''कल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म को निशाना बनाकर किए गए कायराना हमले में हमारे देश ने कई निर्दोष नागरिकों को खो दिया। इस अत्यंत अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे दुख और पीड़ा में डाल दिया है।'' सिंह ने कहा, ''मैं इस मंच से देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वह कदम उठाएगी जो आवश्यक और उचित होगा।''

## पहलगाम आतंकी हमला, पंजाब में मुस्लिमों का प्रदर्शन

**लुधियाना ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को पंजाब के लुधियाना में प्रदर्शन किया गया। यहां के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आतंकी घटना की निंदा की और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले लोगों ने नमाज अदा की।

प्रदर्शन के दौरान मुस्लिम समुदाय ने आतंकवाद का पुतला जलाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।

समुदाय के नेता मुहम्मद मुस्तकीम का कहना है कि कश्मीर में आतंकियों द्वारा निहत्थे लोगों पर किया गया हमला निंदनीय है। इसका पूरा




मुस्लिम समाज विरोध करता है। प्रदर्शन में पंजाब के शाही इमाम उस्मान लुधियानवी भी शामिल हुए।

4 दशक में यह सबसे बड़ा हमला- शाही इमाम ने इस हमले को नापाक हरकत बताया। उन्होंने कहा- मैं मानता हूं कि पिछले 4 दशक के अंदर यह सबसे बड़ा हमला है। जिन लोगों को नाम पूछकर मारा गया है, वे निहत्थे थे। वे किसी के खिलाफ कोई षड़यंत्र रचने नहीं गए थे। उनकी हत्या कर देश के अंदर नफरत फैलाने की साजिश रची गई है।

आतंकियों को बीच चौराहे पर फांसी दो- मैं भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि जिस तरह आतंकी पकड़े जाते हैं, मुकदमे चलते हैं, लंबी प्रक्रिया होती है। इस बार की कार्रवाई में कोई लंबा मुकदमा न चलाया जाए। फास्ट ट्रैक अदालत में केस चलाकर 10 दिन के अंदर फैसला हो और आतंकियों को बीच चौराहे पर लाकर फांसी दी जाए।

आतंकियों का कोई धर्म नहीं- आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। उनकी तो कोशिश होती है कि किसी तरह हरकतें कर नफरत फैलाई जाए। इसी बीच कुछ लोगों को बहाना भी मिल जाता है। वे इसका फायदा उठाकर दो समुदायों के बीच नफरत फैलाना शुरू कर देते हैं।

## पूरन ने की प्रशंसक से मुलाकत कर हस्ताक्षर वाली टोपी उपहार में दी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज निकोलस पूरन अपने एक प्रशंसक से मुलाकात कर उसे एक खास उपहार दिया है। नबील नाम का ये जब लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस मैच में तब घायल हो गया था जब पूरन ने लंबा छक्का मारा था और गेंद इसे लग गयी थी। इस प्रशंसक को पूरन ने स्टेडियम में बुलाया और उसका हालचाल पूछने के बाद आने ऑटोग्राफ वाली एक टोपी भी उसे दी।

टीम ने सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी साझा किया है। इस वीडियो में प्रशंसक ने कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, पूरन सर ने मुझे फोन करके यहां बुलाया है। मैं उनसे मिला और उन्होंने पूछा कि क्या मैं ठीक हूं। मैं भी खेल के लिए आ रहा हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मुझे चोट लगी है पर हमारी लखनऊ टीम को जीतते रहना चाहिए। हमारी टीम ने उस दिन जीत हासिल की, इसी बात से मुझे खुशी हुई है। यह हमारी टीम है, ट्रॉफी हमारा सपना है। वहीं पूरन ने इस बार आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 9 मैचों में 368 रन बनाए हैं और वह सबसे अधिक रनों के मामले में दूसरे नंबर पर हैं।

## रोहित ने किया कमाल, आईपीएल के इतिहास में ऐसा करने वाले बने पहले बल्लेबाज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में अपने रंग में दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस सीजन अभी तक खेले 7 मैचों में उनके बल्ले से 26.33 की औसत से मात्र 158 रन ही निकले हैं। हालांकि, जब बड़ी टीम उनके सामने होती है तो रोहित रन बनाने का मौका नहीं छोड़ते। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हुए पिछले मुकाबले में उन्होंने 76 रनों की नाबाद पारी खेली। इस पारी के साथ उन्होंने बल्लेबाज बन गए हैं। जी हां, इस लिस्ट में विराट कोहली, एमएस धोनी और क्रिस गेल जैसे बल्लेबाज उनके पीछे हैं।

रोहित शर्मा का बल्ला चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खूब चलता है, जब बात वानखेड़े स्टेडियम में इन दोनों टीमों के मुकाबले की हो तो हिटमैन आग उगलते हैं। आईपीएल के इतिहास में जब-जब मुंबई इंडियंस की भिड़ंत चेन्नई सुपर किंग्स से वानखेड़े में हुई है रोहित शर्मा ने खूब रन बनाए हैं। पिछले मुकाबले में 76 रनों की पारी के साथ रोहित शर्मा अपने होमग्राउंड पर चेन्नई के खिलाफ 500 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे। वह ऐसा करने वाले आईपीएल के इतिहास में पहले बल्लेबाज बने हैं।

लिस्ट में विराट कोहली दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में 483 रन बनाए हैं। 27 अप्रैल को आरसीबी का मैच दिल्ली कैपिटल्स से ही है, अब देखना होगा कि क्या विराट कोहली रोहित शर्मा के इस क्लब में शामिल हो पाते हैं या नहीं।

## धोनी बोले, हर दिन पांच लीटर दूध पीने की कहानी सही नहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बारे में कहा जाता रहा है कि वह प्रतिदिन पांच लीटर दूध पीते हैं पर अब एक कार्यक्रम में धोनी ने इसे गलत बताया है और कहा है कि ये गलत है। धोनी ने कहा कि एक औसत व्यक्ति प्रतिदिन 5 लीटर दूध नहीं पी सकता। उन्होंने कहा कि मैं शायद दिन भर में एक लीटर दूध पीता था पर चार लीटर किसी और ने जोड़ दिया। रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर बाहर होने के बाद एक बार फिर धोनी को चेन्नई सुपरकिंग्स सीएसके की कप्तानी दी गयी है। धोनी ने गत दिन कहा कि टीम अगर इस बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी तो अगले सत्र के लिए योजनाएं तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कुछ कमजोरियां हैं जिन्हें दूर किया जाएगा।

अभी सामने जितने भी खेल हैं, उनमें से हमें जीतना है, हम एक बार में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे और अगर हम कुछ हार जाते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन प्राप्त करना अहम रहेगा। उन्होंने कहा कि आप नहीं चाहते कि बहुत सारे खिलाड़ी बदले जाएं, जो महत्वपूर्ण होगा वह है प्रयास करना और क्वालीफाई करना, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो अगले साल के लिए सुरक्षित 11 प्राप्त करना और मजबूत वापसी करना ही हमारा लक्ष्य होगा।

# पार्टियां, गर्लफ्रेंड... युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को सुधारा





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अभिषेक शर्मा इन दिनों भारतीय क्रिकेट में खूब छा रखा है। टी20 में भारत का उभरता सितारा है अभिषेक शर्मा। उन्हें भारत के नए पावर हिटर के नाम से बेहद ही कम समय में जाना जाने लगा। साल 2024 आईपीएल में दमदार प्रदर्शन कर अभिषेक शर्मा ने भारतीय टीम में जगह बनाई और एक साल के अंदर वह अपनी विशेष छाप छोड़ने में सफल रहे। हाल ही में उन्हें बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में पहली बारी जगह मिली। उनकी सफलता के पीछे भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह का हाथ रहा।

उन्होंने हर बार तूफानी पारी खेलने के बाद युवराज सिंह को क्रेडिट दिया। इस बीच युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने अभिषेक शर्मा की जिंदगी संवारने में उनके बेटे के अहम योगदान को लेकर अहम खुलासे किए। दरअसल, योगराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को सुधारने में अपने बेटे युवराज सिंह का अहम योगदान करार दिया। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि, आप जानते हैं कि जब हमने अभिषेक शर्मा के परफॉर्मेंस के बारे में पीसीए और कोच से बात की तो आप जानते हैं उन्होंने क्या कहा? उन्होंने बताया कि वह एक गेंदबाज हैं, जो कि गेंदबाजी करना जानता हैं। युवाराज ने कहा कि आप उनके परफॉर्मेंस रिकॉर्ड पर नजर डालिए। तो हमने उनके रिकॉर्ड्स को देखा, अभिषेक पहले ही 24 शतक जड़ चुके थे। युवी ने कहा कि आप क्यों गलत जानकारी दे रहे हैं कि उसने 24 सेंचुरी ठोक ली। ये 6 या सात साल पुरानी बात हैं।

योगराज ने आगे बताया कि जब युवी ने मुझे रिकॉर्ड भेजा और कहा कि पापा देखिए इस प्लेयर को। मैंने कहा देखिए ये सब जानकारी शेयर करने के बारे में है। ये समस्या है, कुछ लोग अपना करियर बनाने के बजाय जलन के कारण खिलाड़ी को खत्म करना चाहते हैं।

योगराज ने पुरानी बातों को याद करते हुए बताया कि अभिषेक शर्मा के पिता उन्हें सुधारने की काफी कोशिशें करते थे, लेकिन युवराज ही रहे, जिन्होंने उनकी जिंदगी संवारी। युवराज ने अभिषेक को देर रात पार्टियां करने और गर्लफ्रेंड से मिलने पर रोक लगाई। योगराज ने ये भी कहा कि, युवराज सिंह ने शुभमन गिल को भी इसी तरह संभाला। शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा दोनों ने ही 2018 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। योगराज ने बताया कि शुभमन गिल के साथ भी यही हुआ। लेकिन क्या क्या हुआ?जब हीरा किसी दूसरे हीरे के साथ में जाता है तो उसका क्या होता है? वह कोहिनूर बन जाता है अभिषेक शर्मा के साथ भी यही हुआ। अगर ये हीरा गलत हाथों में चला जाता तो ये टूटकर बिखर जाता।

# मिचेल मार्श ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श के नाम आईपीएल के इतिहास का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के 40वें मुकाबले में उन्होंने 45 रनों की पारी खेली। इस पारी के साथ उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। वहीं उन्होंने 1000 रन पूरे किए हैं, बल्कि ये है कि उन्होंने ऐसा करने में कितना समय लिया। जहां मॉर्डन डे क्रिकेटर ऐसा करने के लिए 3 से 4 सीजन लेते हैं वहीं मिचेल मार्श को ऐसा करने में पूरे 16 साल लगे हैं।

जी हां, आपकी जानकारी के लिए बता दें मिचेल मार्श का आईपीएल डेब्यू 2010 में हुआ था। डेक्कन चार्जर्स की ओर से डेब्यू करने के बाद मार्श पुणे वॉरियर्स, राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स (2016-2017), सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्ह की तरफ से आईपीएल खेल चुके हैं। वहीं आईपीएल में सबसे ज्यादा साल के बाद 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो, मिचेल मार्श के बाद इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के ही मोइसेस हेनरिक्स का ना है, वहीं लिस्ट में एकमात्र भारतीय राहुल तेवतिया है जो इस सीजन गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे हैं।

## पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को हो रहा फायदा-पंत



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से आठ विकेट की शिकस्त झेलने के बादे कहा कि इस मैदान पर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम फायदे में रह रही है। लखनऊ के छह विकेट पर 159 रन के जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने 13 गेंद शेष रहते दो विकेट पर 161 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पंत ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में प्रसारकों से कहा, '' यहां टॉस ने अहम भूमिका निभाई है। पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को पिच से काफी मदद मिल रही है। लखनऊ में खैर ऐसा ही होता है, मैच आगे बढ़ने के साथ पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती जाती है।'उन्होंने कहा, '' मैच इसी तरह चलता है और आप शिकायत नहीं कर सकते, दूसरी पारी में बल्लेबाजी आसान हो जाती है। टॉस एक बड़ी भूमिका निभा रहा है, लेकिन हम बहाने नहीं ढूंढ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' हमें पता था कि हमने 20 रन कम बनाये है। '' खुद बल्लेबाजी के लिए सातवें क्रम पर आने के बाद आलोचना झेल रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, '' हम परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहते थे। हमने (अब्दुल) समद को ऐसी पिच का फायदा उठाने के लिए भेजा था। (डेविड) मिलर के क्रीज पर जाने के बाद हमारी रन गति आगे नहीं बढ़ सकी। हमें इन चीजों को देखते हुए सर्वश्रेष्ठ संयोजन बनाना होगा।

## शुभम दुबे ने किया दिल जीतने वाला काम, 10 खिलाड़ियों को देंगे आर्थिक मदद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी के चेहते माने जाते वाले ऑलराउंडर शिवम दुबे ने दिल जीतने वाला काम किया है। वह तमिलाडु के उभरते खिलाड़ियों की मदद के लिए आगे आए हैं। दुबे ने इन खिलाड़ियों को आर्थिक मदद देने का फैसला किया है। तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ के कार्यक्रम में दुबे ने ये ऐलान किया। दुबे इस समय आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के खेल रहे हैं। वह भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और फाइनल मैच भी खेले थे। टीएनजेएसए ने अपने वार्षिक कार्यक्रम में दुबे और चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन को बतौर गेस्ट बुलाया था।



शिवम दुबे 10 एथलीट्स की मदद करेंगे और हर किसी को 70 हजार रुपये देंगे। इंडिया टुडे ने अपनी एक रिपोर्ट में दुबे के हवाले से लिखा है कि, जब मैं टीम होटल से यहां आ रहा था तब डॉ बाबा (टीएनसीए सचिव) ने कहा कि ये कुछ युवा खिलाड़ियों की मदद करने की बात है। ये युवा एथलीट्स के लिए अच्छी बात है।

उन्होंने कहा कि, इस तरह की छोटी चीजें कुछ अतिरिक्त मोटिवेशन देती हैं कि वह कड़ी मेहनत करें और देश का नाम रोशन करें। मैंने मुंबई में इस तरह की पहल देखी हैं लेकिन मैं बाकी राज्यों को लेकर नहीं कह सकता। मैं दूसरे राज्यों से भी कहूंगा कि वह इस तरह की पहल शुरू करें।

# केकेआर के मेंटॉर ड्वेन ब्रावो ने बताई टीम की लगातार हार की वजह



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पिछले सीजन बड़ी-बड़ी टीमों को हराकर खिताब जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2025 में काफी खराब प्रदर्शन कर रही है। टीम इस सीजन में अब तक 5 मुकाबला गंवा चुकी है। यहां तक पंजाब के खिलाफ टीम 112 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी थी। गुजरात के खिलाफ हार के बाद केकेआर के मेंटॉर ड्वेन ब्रावो ने बताया आखिर टीम क्यों हार रही है।

ब्रावो ने गुजरात के खिलाफ मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि, आईपीएल एक कड़ा टूर्नामेंट है। जब आप अच्छी शुरुआत नहीं करते हैं कि बल्लेबाज ऐसे दोर में चले जाते हैं, जहां उनका आत्मविश्वास डिग जाता है। इस समय यही हो रहा है। इसलिए जैसा कि मैंने कहा कि, हमें बस उनका समर्थन करते रहना होगा। उम्मीद है कि वे अच्छा प्रद्रशन करेंगे। हमारे बल्लेबाजों में अभी आत्मविश्वास की कमी है, जिसके कारण वह रन नहीं बना पा रहे हैं। ब्रावो ने एक लाइन में ही केकेआर के खराब प्रदर्शन का राज बता दिया। उन्होंने कहा कि, अच्छी फॉर्म आत्मविश्वास लाती है, और ईमानदारी से कहें तो इस समय हमारे पास वह आत्मविश्वास नहीं है। बता दें कि, केकेआर इस सीजन में अब तक 8 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान टीम को सिर्फ तीन जीत ही मिली हैं। प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखने के लिए केकेआर को आने वाले मैच जीतने होंगे, अभी टीम के 6 मैच बाकी हैं।

# क्रिकेटर अमित मिश्रा पर उनकी पत्नी ने लगाए दहेज और घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमित मिश्रा का नाम मंगलवार 22 अप्रैल को काफी चर्चा में आ गए। इस नाम को लेकर काफी कंफ्यूजन क्रिएट हो चुका है। दरअसल, क्रिकेटर अमित मिश्रा की पत्नी गरिमा तिवारी ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

इस खबर के सामने आती ही लोगों और कुछ मीडिया एजेंसियों ने टीम इंडिया के लिए खेल चुके लेग स्पिनर अमित मिश्रा को समझा। जिसके बाद खुद लखनऊ सुपर जायंट्स के पूर्व खिलाड़ी को ट्वीट करके सच बताना पड़ा कि जिस अमित मिश्रा की बात हो रही है वह वो नहीं हैं। ये अमित मिश्रा स्पिनर नहीं बल्कि तेज गेंदबाज हैं जो रणजी खेल चुका है। अमित मिश्रा उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले हैं। जिनका जन्म 11 नवंबर 1991 को हुआ था। अमित ने 2013-14 में रणजी ट्रॉफी से अपने क्रिकेटिंग करियर की शुरुआत की। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में अमित मिश्रा ने 19.77 की औसत के साथ 27 विकेट लिए थे।





अमित मिश्रा आईपीएल 2024 की नीलामी में भी आ चुके हैं और राजस्थान रॉयल्स ने 10 लाक रुपये में उन्हें अपनी टीम में शामिल किया था। लेकिन उस पूरे सीजन में उन्हें एक भी मैच खेलने को नहीं मिला था। इसके बाद अमित मिश्रा आईपीएल 2016 में गुजरात लॉइंस का हिस्सा भी बने। रणजी क्रिकेट खेल चुके अमित मिश्रा पर उनकी पत्नी गरिमा तिवारी ने घरेलू हिंसा का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गरिमा ने 1 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग भी की है। गरिमा ने अपने पति और ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो लोग उन्हें दहजे के लिए परेशान करते हैं।

### कलेक्टर ने दिये सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश

# सीएम डैशबोर्ड के बिंदुओं में कार्यवाही कर विभाग की रैंकिंग में सुधार करें - कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल विभागीय कार्यों में तत्परता से कार्यवाही करें। इन बिन्दुओं पर तीन दिवस में कार्यवाही कर रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज कराएं और विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं की 28 अप्रैल को आयोजित होने वाली समाधान ऑनलाइन बैठक में समीक्षा की जाएगी। डैशबोर्ड में 16 विभागों के 38 बिन्दु शामिल हैं। संबंधित अधिकारी इन पर तत्परता से कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी तत्परता से निराकरण करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी स्वामी विवेकानंद योजना में लंबित 63 तथा सुदामा प्री मैट्रिक योजना में लंबित 138 छात्रवृत्ति के आवेदन पत्रों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीवा तथा जवा आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। इंजीनियरिंग कालेज रीवा में मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के 114 आवेदन दर्ज किए गए हैं। इनमें से 103 में छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया गया है शेष आवेदनों का भी दो दिवस में निराकरण करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शेष बचे पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम में शिविर लगाएं। आशा कार्यकर्ता को शेष लोगों की सूची देकर 31 मई तक सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल के अनुसार 49586 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ है। इनमें से केवल 32244 महिलाओं का प्रसव शासकीय अस्पतालों में हुआ है। निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में होने वाले प्रसव की भी जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं। इस संबंध में लापरवाही बरतने वाले निजी अस्पतालों पर कार्यवाही करें। शिशुओं के टीकाकरण में उपलब्धि लक्ष्य से 107 प्रतिशत है। लेकिन सिरमौर, त्योंथर और रायपुर कर्चुलियान में उपलब्धि 93 प्रतिशत है। इन विकासखण्डों के बीएमओ टीकाकरण का अभियान चलाकर छूटे हुए बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम मानिट के बिन्दुओं में श्रम विभाग में पंजीकृत महिला श्रमिकों की प्रसूति सहायता की मानीटरिंग शामिल है। जिला श्रम पदाधिकारी प्रसूति सहायता प्राप्त महिला श्रमिकों की विकासखण्डवार जानकारी तीन दिवस में प्रस्तुत करें। सभी पात्र महिलाओं को प्रसूति सहायता का लाभ देना सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शिशुओं के वजन तथा लंबाई की माप के शत-प्रतिशत आंकड़े पोर्टल में दर्ज कराएं। गर्भवती महिलाओं को टीएचआर का वितरण भी संतोषजनक नहीं है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पहड़िया के पोषण आहार प्लांट से हर माह की 10 तारीख तक सभी आंगनवाड़ी केन्द्र में टीएचआर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षक सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित कराएं। इसमें लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने परियोजना सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान तथा जवा के परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण सभी छात्रावासों तथा आश्रम शालाओं में शत-प्रतिशत सीटों में विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें। छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति के लंबित सभी आवेदनों का सत्यापन कराकर तीन दिवस में छात्रवृत्ति का भुगतान कराएं। उप संचालक पशुपालन पशुपालक किसानों को निर्धारित लक्ष्य अनुसार क्रेडिट कार्ड का सात दिन में वितरण कराएं। इसके लिए बैंकों के साथ संपर्क करके केसीसी के लंबित आवेदनों का निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई एकल नलजल योजना तथा समूह नलजल योजना से निर्धारित लक्ष्य अनुसार घरों मंव नल कनेक्शन कराएं। सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। इसमें लापरवाही बरतने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा संबंधित विभागों के जिला और खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सतना में जर्जर स्कूल भवन की दीवार गिरने से एक दिव्यांग छात्र की मौत



### तीन महीने बाद जर्जर स्कूल भवन को गिराया

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में जर्जर स्कूल भवन की दीवार गिरने से एक दिव्यांग छात्र की मौत हुई। 90 दिन बाद प्रशासन ने भवन को गिरा दिया है। घटना अबेर संकुल केंद्र के शासकीय प्राथमिक शाला इटौर रजरवार पर हुई। रामपुर बाघेलान जनपद के सदस्य विनोद तिवारी लगातार इस जर्जर भवन को गिराने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी।

23 जनवरी को दोपहर करीब 3 बजे दो छात्र दिव्यांग अतुल सिंह (13) और कृष्ण दहिया स्कूल परिसर में हैंडपंप से पानी भर रहे थे। इसी दौरान स्कूल का पुराना भवन अचानक गिर पड़ा। इस हादसे में अतुल सिंह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कृष्ण दहिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद जनपद सदस्य विनोद तिवारी ने तहसील से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों को पत्र लिखकर जर्जर भवन के खतरे से अवगत कराया। अंततः एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम अबेर पहुंचकर भवन को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया।

## 60 हजार की जगह एक लाख का बिल थमाया, कलेक्टर से की शिकायत



### जिला अस्पताल से मरीज को निजी अस्पताल ले गए दलाल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में मरीज का पैर फ्रैक्चर होने पर परिजन उसे सरदार बल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इसी दौरान वहां मौजूद दलालों ने मरीज को भरहुत नगर स्थित सिटी हॉस्पिटल शाकुंतलम में भर्ती करा दिया। इसी परेशानी को लेकर परिवार ने बुधवार को कलेक्टर से शिकायत की। अस्पताल ने 60 हजार रुपए में पूरे इलाज का दावा किया। इसमें से 40 हजार रुपए पहले और 5 हजार रुपए पैथोलॉजी चार्ज के नाम पर वसूल लिए। बता दें कि मैहर के कर्रा गांव निवासी महेन्द्र कोरी का 16 अप्रैल को नागौद के पास एक्सीडेंट हो गया।

डिस्चार्ज के समय अस्पताल ने एक लाख रुपए का कच्चा बिल थमा दिया और 60 हजार रुपए और जमा करने को कहा। परेशान परिवार ने कलेक्टर से शिकायत कर दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल ले जाने का ये पहला मामला नहीं है। आरोप है कि आशा कार्यकर्ता और एंबुलेंस चालक भी इस तरह के काम में शामिल रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दलालों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## जय डेयरी पर खाद्य विभाग ने की दूसरी बार सैंपलिंग की कार्रवाई




### जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

### उपभोक्ता कर चुके हैं शिकायत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा की जय डेयरी पर दूसरी बार डेयरी में सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। नियमित उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद 15 दिन में यह दूसरी बार हुआ। एडिशनल एसपी के खाद्य विभाग की टीम सैंपल लेने के लिए पहुंची। टीम को यहां मिठाइयों को सुरक्षित रखे जाने वाले फ्रीजर में कॉकरोच भी घूमते दिखे।

खाद्य विभाग ने दूध, दही, पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की। इससे पूर्व भी जय डेयरी तब चर्चा में आई थी, जब जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को जय डेयरी के संचालक ने बदबूदार रसमलाई दी थी। जिसकी शिकायत किए जाने के बाद मौके पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने सिर्फ रसमलाई की सैंपलिंग की और मौके से चलती बनी। अभी उसकी रिपोर्ट आना भी बाकी है।

लगातार शिकायतों के बाद भी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने कह रहा है। साबिर अली ने बताया कि जांच के बाद मिलावटी खाद्य सामग्री विक्रेता पर विभाग सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा। कई ग्राहकों ने शिकायत की है इसलिए हम यहां पर चेकिंग के लिए पहुंचे हैं।

### बिजली विभाग की लापरवाही से हुआ हादसा, झूल रही थी तार

# रीवा में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया ट्रक, ड्राइवर की मौके पर मौत




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र में करहिया मंडी के पास देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। नीचे लटक रहे हाइटेंशन तार की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि एक महिला श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गई।

चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के अनुसार, मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी मोहम्मद सलमान के रूप में हुई है। सलमान ईंट लोड करके करहिया आया था। देर रात ईंट उतारने के बाद वापस लौटते समय उनका ट्रक बिजली के तार की चपेट में आ गया। हादसे में ट्रक पर मौजूद महिला श्रमिक फूलबाई भी गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एमपीईबी के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बिजली आपूर्ति बंद की, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के लिए बिजली कंपनी की घोर लापरवाही जिम्मेदार है। सड़क के ऊपर काफी नीचे लटक रहे हाइटेंशन तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर जल संरक्षण के प्रति हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की रीवा इकाई के अंतर्गत न्यू रामनगर और मनगवां में जल संरक्षण पर केंद्रित जन संवाद का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समुदाय को जल संरक्षण के महत्व और शुद्ध पेयजल की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। पृथ्वी दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य हमारे ग्रह और इसके प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। जल, इन संसाधनों में सबसे महत्वपूर्ण और अनमोल तत्वों में से एक है जिसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसी को ध्यान में रखते हुए,कार्यक्रमों के माध्यम से जल के संरक्षण की आवश्यकता और इसके विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष बल दिया गया। इस आयोजन में फील्ड इंजीनियर राजेंद्र यादव एवं ईएचएस पर्यवेक्षक विवेक कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाईए जबकि संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वय सीडीओ शैलेश तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से पानी का दुरूपयोग न करने की अपील की गई। आमजनों को वर्षा जल संचयन तथा जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षित रह सके।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद ने आतंकवाद का किया पुतला दहन




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद रीवा नगर इकाई द्वारा आतंकवाद का विरोध करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया जिसमे नगर मंत्री हर्ष साहू ने बताया की पहलगाम की घटना भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश मे होना बहुत दुख का विषय है जिसपे सरकार को त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए जिला संयोजक पशुपतिनाथ पांडे ने बताया की धर्म पूँछ कर लोगो को गोली मारी गयी ये और भी ज्यादा दुख का विषय है आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत कदम सरकार को उठाना ही चाहिए जिससे आँगे चलकर ऐसी घटनाओ से बचा जा सके।

वैसे तो हमेशा से यही कहा जाता है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है परंतु पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने तो आतंकवाद की कहावत ही बदल दी। पहलगाम में छुट्टियां मनाने गए नवविवाहित जोड़े जो वहां पर प्राकृतिक सुंदरता देखने गए हुए थे उन्हें उनका धर्म पूछ कर गोली मार कर निर्मम हत्या कर दी गई जिससे यह साबित होता हैं यह हमला विशेष रूप से हिंदू समाज के लोगों को टारगेट करके किया गया है यह हमला न केवल भारत देश में रहने वाले आम नागरिकों पर हुआ है बल्कि देश के बड़ी और ऐतिहासिक धर्म के खिलाफ भी किया गया है जिस तरह देश में हिंदुत्व का प्रचार प्रसार बढ़ रहा है इस सोच को रोकने के उद्देश्य से यह आतंकवादी हमला किया गया है आतंकवादियों की सोच हमेशा से रही है कि जो भी चीज प्रगति कर रही है वह उस चीज को प्रगति करने से रोकने का काम करते हैं। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से न केवल देश में रहने वाले हिंदुओं को डरने की कोशिश की गई ओ साथी आतंकवाद को बढ़ावा देने की भी कोशिश की गई। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रीवा नगर इकाई समस्त छात्र शक्तियों के साथ आतंकवादी यो का पुतला दहन करके उन उल्टा मामा आतंकवादी एवं आतंकवादी संगठनों को यह संदेश देना चाह रही है कि इस हमले से ना तो हिंदू समाज धारा हुआ है और ना ही देश के युवा और देश के भविष्य।।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से रीवा जिला संयोजक श्री पि. एन पांडे, रीवा नगर मंत्री श्री हर्ष साहू, महाकौशल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिशा मिश्रा, नगर सह मंत्री ओम गुप्ता , सुश्री श्रेया बघेल,जीडीसी महाविद्यालय अध्यक्ष सुश्री उन्नति सिंह गहरवार ,टीआरएस महाविद्यालय इकाई मंत्री श्री आशीष द्विवेदी, हर्ष सिंह भदोरिया, अमर पटेल, अरुण पटेल, मनोज पटेल, देवेश सोनी, अंशपांडे, अजय त्रिपाठी, अभिषेक सिंह भदोरिया, शिवांश श्रीवास्तव, आजाद सिंह, प्रशांत, अंजलि चौरा, दिव्यानी सिंह, सागरपांडे, अमन तिवारी, आयुष विश्वकर्मा, रोहित सिंह, कार्तिक सिंह, देवांशी पांडे, सौम्या दुबे, साक्षी पांडे, अर्पिता, दीक्षा मिश्रा, दीपाली सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

## बाल गृह के बच्चों के देखरेख में सहयोग की अपील

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रीवा जिले में बाल संप्रेक्षण गृह और हरि बालगृह का संचालन किया जा रहा है। किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत इनमें अपचारी और निराश्रित बच्चों की देखभाल की जाती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय ने बाल संप्रेक्षण गृह और बाल गृह में रह रहे बच्चों की देखभाल और उनके जीवन को नई दिशा देने में सहयोग की अपील की है। पाण्डेय ने कहा है कि इन संस्थाओं में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, अधिकारी तथा कोई भी व्यक्ति सहयोग कर सकता है। यह सहयोग आर्थिक रूप में हो सकता है। इसके साथ-साथ इन बच्चों के साथ नियमित मुलाकात करके उनके साथ समय बिताना, खेलना, नैतिक शिक्षा देना, पढ़ाना, कम्प्यूटर का ज्ञान कराना, कला और संस्कृति की शिक्षा देना तथा कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन के रूप में भी सहयोग दिया जा सकता है। इन बच्चों को नशामुक्ति का संदेश देने, मनोवैज्ञानिक सलाह तथा अन्य तरीके से भी जीवन की सही दिशा और खुशियों का मार्ग दिखाया जा सकता है। इन बच्चों के लिए किताबें, खेलकूद सामग्री, वाटर कूलर तथा कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण देकर भी सहयोग किया जा सकता है। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट रीवा से प्राप्त की जा सकती हैं।

## सतना में अवैध खनन की जांच के लिए टीमें गठित



### सरभंगा और कोटर क्षेत्र की खदानों की होगी जांच, 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में अवैध खनन की जांच के लिए कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने दो अलग-अलग टीमों का गठन किया है। दरअसल कोटर तहसील के चितगढ, निमहा, करही खुर्द, बिहरा, पटना खुर्द में 12 से अधिक लेटेराइट खदानें हैं। इनमें अधिकांश खदानें खनिज रहित हैं। खनन माफिया स्वीकृत क्षेत्र से बाहर सरकारी और निजी जमीनों से अवैध खनन करते हैं। वे स्वीकृत खदानों की ईटीपी काटकर अवैध खनन को वैध दिखाते हैं और सीमेंट कंपनियों को सप्लाई करते हैं। मझगवां वन परिक्षेत्र के सरभंगा क्षेत्र में प्रस्तावित टाइगर रिजर्व में चार विभागों की टीम जांच करेगी। इस टीम में एसडीओ मझगवां, जिला खनिज अधिकारी, वन विभाग और पुलिस के अधिकारी शामिल हैं। टीम एक सप्ताह में जांच पूरी करेगी। वैध खदानों के साथ-साथ अवैध खनन की भी जांच होगी। निजी जमीनों पर अवैध खनन मिलने पर अर्थदंड लगाया जाएगा।

कोटर तहसील में लेटेराइट खदानों की जांच के लिए तीन विभागों की टीम बनाई गई है। रामपुर बाघेलान एसडीएम आरएन खरे को दल प्रभारी बनाया गया है। टीम में तहसीलदार कोटर, सहायक खनि अधिकारी और कोटर थाना प्रभारी शामिल हैं। यह टीम 15 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।